RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 रानी को अफसोस ...

वर्ष : 25 अंक : 334 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# विकसित भारत बनाने का संकल्प लें : जेपी नड्डा

## ग्रेटर नोएडा में भाजपाइयों को किया संबोधित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि जब आम मानवीय का विकास होगा तभी विकसित भारत का निर्माण होगा। विकसित भारत बनाने के लिए सभी स्वस्थ रहें, सम्पन्न रहें तथा सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें इसका प्रयास करना होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह बात 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते



हुए कही। ग्रेटर नोएडा के जुनेदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का कार्यक्रम ( शेष पृष्ठ-4 पर )



## डीएनडी पर किया नड्डा का स्वागत



**नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीएनडी टोल पर आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा का जोरदार स्वागत किया। श्री नडडा आज दिल्ली से डीएनडी होकर दनकौर में जुनेदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे थे।

जैसे ही डीएनडी पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला पहुंचा गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता समेत कई पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कार से उतरकर डीएनडी पर भाजपा नेताओं से मिले तथा बातचीत की।

इस मौके पर भाजपा के नोएडा महानगर महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, महानगर अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी, महेश अवाना, सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हर्ष चतुर्वेदी, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामनिवास यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पहलवान, डॉ. प्रसेनजीत मैत्रा, मंडल अध्यक्ष पंकज झा, सतेन्द्र सिरोही, सत्य नारायण महावर, रामेश्वर यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीबी है : पीएम






**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा% के लाभार्थियों से वर्चुअली बातचीत की। पीएम मोदी जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने के लिए भी एक कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीबी है और इसके विकास के लिए उन्होंने संकल्प लिया है।

पीएम मोदी ने इस बीच अरुणाचल के एक लाभार्थी से बात की तो उन्होंने पीएम और सरकार की काफी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुझे घर बनाने में सरकार ने बहुत मदद की। ये बात सुनकर पीएम मोदी ने खुशी जताई और कहा कि जब आपको लाभ हुआ है तो मुझे भी अब आशीर्वाद देना होगा।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि जब महिलाओं द्वारा ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण देने की शुरुआत की गई तो इस योजना को लेकर बहुत से लोगों ने संदेह जताए थे। पीएम ने रमन अम्मा जी से बात करते हुए कहा कि इन जैसी महिलाओं ने साबित कर दिया कि ड्रोन कृषि में तकनीक के दायरे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक बनकर उभरेगा।

उन्होंने कहा कि ये सभी पूरे देश के लिए एक प्रेरणा हैं। विकसित भारत की इस संकल्प यात्रा में आप जैसी महिलाओं की भागीदारी बहुत ही अहम है।

## विधवा महिला को मिला मुआवजा डकार गया देवर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना एक्सप्रेसवे में एक विधवा महिला ने अपने देवर व उसकी बेटी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। विधवा महिला का आरोप है कि देवर ने अपनी बेटी के साथ मिलकर धोखाधड़ी से उसके बैंक खाते से 55 लाख रुपए निकाल लिए।

ग्राम नांगली वाजिदपुर निवासी पूनम देवी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसके पति रणवीर सिंह का 5 फरवरी 2017 को निधन हो गया था। पति के निधन के कुछ समय बाद उसके देवर तेजवीर ने बताया कि उसके पति के नाम काफी जमीन थी जिसका मुआवजा मिलना है। मुआवजे की रकम लेने के लिए उसे बैंक में खाता खुलवाना होगा। पूनम के मुताबिक तेजवीर उसे नंगली वाजिदपुर गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में लेकर गया। यहां पर उसने उसके तथा अपनी बेटी आकांक्षा का संयुक्त खाता खुलवा दिया।

तेजवीर ने आश्वासन दिया कि खाते में जैसे ही ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव की पुत्री का निधन

चेतना मंच

नोएडा/ गाजियाबाद। देश के प्रसिद्ध पत्रकार व इंडियन एक्सप्रेस समूह से जुड़े श्याम लाल यादव के परिवार में दु:खद घटना हुई है। उनकी पुत्री सुश्री श्रीति यादव (20 वर्ष) का दु:खद निधन हो गया है। गाजियाबाद के हिंडन घाट पर बुधवार को उनकी पुत्री का अंतिम संस्कार किया गया।


Shreeti Yadav
29/09/2003-29/11/2023

इस मौके पर कई पत्रकार, समाजसेवी, परिजन तथा सैकड़ों लोग मौजूद थे। उनके परिजनों ने बताया कि सुश्री श्रीति यादव अचानक बीमार हो गई थीं तथा उन्हें दिल्ली के एम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

श्रीति यादव क्राईस्ट यूनिवर्सिटी के गाजियाबाद कैंपस में इकोनॉमिक्स ऑनर्स की तृतीय वर्ष की छात्रा थी। निधन की जानकारी मिलते ही वसुंधरा स्थित उनके आवास पर करीबियों तथा परिजनों का जमावड़ा लग गया। अचानक इस खबर से सभी गमगीन थे।

चेतना मंच परिवार में भी वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव की पुत्री के निधन पर एक शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतृप्त परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धीरज देने की भगवान से प्रार्थना की गई।

शोकसभा में चेतना मंच के समाचार संपादक अरविंद प्रसाद, सुश्री अंशु नैथानी, वरिष्ठ पत्रकार अरूण सिन्हा, रमाकांत पांडेय, देवदत्त शर्मा, दिनेश गुप्ता, महेश कुमार, ध्रुवराज यादव, शीशपाल सिंह, योगेन्द्र झा, मनीष कुमार, सुश्री तन्नू त्रिवेदी, अरबाज खान समेत सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### अशोक यादव हत्याकाण्ड

## अपनी बेटी की बुराई नहीं सुन पाया था शेखर, इसलिए मार दी गोली

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

थाना बिसरख पुलिस ने बीते दिनों शादी समारोह में हुई अशोक यादव की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से वारदात में प्रयुक्त रिवाल्वर भी बरामद हुई है। अशोक यादव द्वारा आरोपी शेखर की बेटी के लिए गलत कमेंट करना इस पूरे हत्याकांड की वजह बना।

सेंट्रल जोन की डीसीपी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर हत्या के आरोप में वांछित चल रहे शेखर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की

### हत्याकांड में फरार समधी शेखर गिरफ्तार

घटना के बाद से शेखर यादव फरार चल रहा था उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीम लगातार दबिश दे रही थी। पूछताछ में शेखर यादव ने बताया कि वह बीते 27 नवंबर को होशियापुर गांव निवासी विनोद यादव की बेटी की शादी में आया था। इस शादी में उसका समधी अशोक यादव भी आया हुआ था। अशोक यादव के बेटे से उसने अपनी बेटी की शादी की थी लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच रिश्ते बिगड़ गए। जिस कारण तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा था। शादी समारोह के दौरान उसका अशोक से आमना-सामना हो गया। इस दौरान अशोक ने उसकी बेटी को लेकर कुछ कमेंट किया जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर पाया। कमेंट से आवेश में आकर उसने अपनी लाइसेंस से रिवॉल्वर से अशोक यादव को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया।

डीसीपी ने बताया कि अशोक यादव के परिजनों ने इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश के साथ-साथ इस हत्याकांड में उनकी भूमिका की भी जांच कर रही है।

## रिछपाल गढ़ी गांव में खंडित की गई मंदिर की मूर्तियां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** यूपी के नोएडा (गौतमबुद्धनगर) जनपद में असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार आपसी सौहार्द बिगाड़ कर धार्मिक उन्माद फैलाने के कुप्रयास किये जा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र के रिछपाल गढ़ी गांव के प्रसिद्ध नागेश्वर शिव मंदिर में शरारती तत्वों ने बुधवार की रात मूर्तियां खंडित कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है। मूर्तियां खंडित किए जाने की सूचना मिलने से लोगों में रोष व्याप्त हो गया। कुछ दिन पूर्व दादरी क्षेत्र में भी इसी तरह की घटना के बाद तनाव व्याप्त हो गया था।

ग्रेटर नोएडा के रिछपाल गढ़ी गांव स्थित नागेश्वर शिव मंदिर में गुरूवार की सुबह पूजा के लिए पहुंचे लोगों को मंदिर परिसर में स्थापित कई मूर्तियां खंडित अवस्था में मिली। थोड़ी देर में यह सूचना आसपास आग की तरह फैल गई और मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। मूर्तियां खंडित होने से हर कोई आक्रोशित दिखाई दिया। सूचना मिलने पर थाना बिसरख पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बूझकर माहौल को शांत कराया।

एडीसीपी सेंट्रल जोन ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि खंडित मूर्तियों को विधि विधान पूर्वक हटवा कर नई मूर्तियां स्थापित कराई गई हैं। इस तरह की घटना की पुर्नावृत्ति को रोकने के लिए गणमान्य लोगों की मदद से मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए गए हैं। रिछपाल गढ़ी गांव निवासी ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## पीजी में यूनिवर्सिटी की छात्राओं से मारपीट, सामान किया जब्त

**नोएडा ( चेतना मंच )।** रायपुर खादर गांव के एक पीजी में रह रही नामी विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार करने तथा उनका सामान जप्त करने के आरोप में पीजी संचालक सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना सेक्टर-126 पुलिस मामले की जांच कर रही है। पालम विहार गुड़गांव निवासी विशाल त्यागी ने बताया कि उसकी बेटी राधिका नोएडा की एक नामी यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। उन्होंने पीजी में रहने के लिए बीते 7 अगस्त को रायपुर खादर गांव में बने अन्नपूर्णा पीजी के मालिक गौरव गिरी को एक लाख रूपये देकर अपनी बेटी का एडमिशन कराया था। एडमिशन के दौरान सुरक्षा सहित कई अन्य सुविधाएं देने की बात पीजी मालिक द्वारा की गई थी। विशाल त्यागी ने बताया कि उनकी बेटी अपनी रूममेट नित्य मेहता के साथ पीजी में रह रही थी। कुछ समय बाद उनकी बेटी ने बताया कि पीजी मालिक गौरव गिरी अक्सर शराब पीकर पीजी में आते हैं। इस बात की जानकारी मिलने पर वह पीजी मालिक गौरव गिरी और स्वाति गिरी से मिले तो उन्होंने गाली गलौज ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## विवाहित महिला के लिए विलेन बने मायके वाले, कर दिया किसी और से सौदा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां अपने पति के साथ रह रही एक विवाहिता को उसके मायके वाले अपने साथ ले गए और दूसरे व्यक्ति से पैसा लेकर जबरन शादी करा दी। जिस व्यक्ति से महिला का सौदा किया गया, उसने महिला को बंधक बनाकर रख लिया है और शारीरिक और मानसिक शोषण कर रहा है।

दरअसल, नोएडा के थाना सेक्टर-49 में अपर सिविल जज के आदेश पर एक मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा थाना सेक्टर 49 क्षेत्रांतर्गत ग्राम सलारपुर खादर निवासी भानू प्रताप सिंह पुत्र रामप्रसाद ने दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार, 31 मार्च 2022 को भानूप्रताप की शादी मधु



पुत्री संतोष कुमार निवासी डिलावली थाना नदरई जनपद कासंगज के साथ हुई थी। दोनों पक्षों की रजामंदी से हुई यह शादी गाजियाबाद के सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भी पंजीकृत है। भानू प्रताप सिंह ने बताया कि वह और उसकी पत्नी मधु दोनों गांव सलारपुर खादर में हंसी खुशी से अपना वैवाहिक जीवन गुजार रहे थे।

पति पत्नी के मधुर रिश्तों में महिला के परिजन ही विलेन बन गए। मधु के पति भानूप्रताप के अनुसार, 20 जून 2023 को मधु के नाना रामेश्वर भगत, मामा सोमवीर, संजीव कुमार, नाना राम स्नेही, निवासी गांव डिलावली कासगंज उसके घर पर आए तथा मधु की मां मेमवती देवी के बीमार होने की बात कहते हुए भानूप्रताप से मधु को उनके साथ भेजने के लिए कहा। बीमार मां को देखने के लिए भानूप्रताप ने अपनी बीवी मधु को उक्त लोगों के साथ भेज दिया।

मधु को गए अभी कुछ ही दिन बीते थे कि 2 जुलाई 2003 को मधु ने अपने पति को फोन किया और बताया कि उसके नाना, मामा व परिवार के अन्य लोगों ने उसकी बगैर मर्जी के किसी अन्य अनजान व्यक्ति से पैसा लेकर जबरदस्ती दूसरी शादी करा दी है। जिस व्यक्ति से मधु की दूसरी शादी कराई गई है, वह उसके साथ ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## भांजी की शादी में मामा का हुआ झगड़ा, चाकू मार किया लहूलुहान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भांजी की शादी में भात देकर घर वापस लौट रहे एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की और चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़ित का आरोपियों से बाइक हटाने को लेकर विवाद हुआ था। पीड़ित की पत्नी ने थाना जारचा में तीन नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

ग्राम छायासा निवासी अशोक शर्मा बीती रात्रि अपनी भांजी की शादी में भात देने के लिए मुठयानी गांव में गए थे। इस दौरान बाइक निकालने को लेकर उनका बारात में आए नकुल, आकाश, रोहतास आदि से विवाद हो गया। आसपास के लोगों ने वाद-विवाद को शांत कर दिया। भात देने के बाद अशोक शर्मा अपने साथी के साथ बुलेट बाइक से वापस अपने घर लौट रहे




थे। ग्राम गुलावठी खुर्द के पास उन्हें नकुल, आकाश, बबलू व कुछ अन्य लोगों ने रोक लिया। आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी ने अशोक को चाकू मार दिया। चाकू लगने से अशोक लहु लुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो फरार हो गए। अशोक के साथी ने उनके परिजनों को सूचना दी। ( शेष पृष्ठ-4 पर )

## युवक-युवती को पिटाई से बचाना पड़ गया भारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कस्बा दनकौर में पिज़्ज़ा हट की दुकान चलाने वाले दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। दुकानदार का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने आरोपियों द्वारा दुकान पर बैठे युवक-युवती से मारपीट का विरोध करते हुए बीच बचाव किया था। पीड़ित दुकानदार ने चार लोगों के खिलाफ थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा दनकौर के मोहल्ला पटपडा निवासी प्रवीण ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह कस्बे में पिज़्ज़ा हट के नाम से दुकान चलाता है। 28 नवंबर की शाम को उसकी दुकान पर सुंदर, बंटी, बिट्टू व अन्नु पहुंचे। इन लोगों ने दुकान पर बैठे युवक व युवती के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करनी शुरू कर दी। दुकान में मारपीट व हंगामा होता देखकर उसने बीच बचाव कर और आरोपियों के चंगुल से युवक-युवती को छुड़ाया। इसके बाद चारों आरोपी उसे देख लेने की धमकी देते हुए चले गए। प्रवीण के मुताबिक कुछ देर बाद चारों आरोपी फिर उसकी दुकान पर पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने जब विरोध किया तो चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने ( शेष पृष्ठ-4 पर )

# अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन

भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर को छूने को है। यदि हम 4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच जाते, तो देश में जश्न का माहौल होता, क्योंकि विश्व स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाता और भारत जर्मनी को पछाड़ कर चौथे स्थान पर आ सकता था, लेकिन चह खबर 'अर्द्धसत्य' थी। हम अब भी 4 ट्रिलियन डॉलर से दूर हैं। सत्तारूढ़ चेहरे अपने राजनीतिक प्रचार में 2047 के 'विकसित भारत' के सपने बेच रहे हैं, जबकि यथार्थ यह है कि भारत कर्ज में डूबा है। भारत पर 152 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है, जो मौजूदा वित्त-वर्ष के अंत तक करीब 170 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। देश में 21 राज्य ऐसे हैं, जो कर्ज लेकर अपने कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, पेंशन आदि का भुगतान करते हैं और अन्य खर्चों को पूरा करते हैं। उनकी आमदनी का करीब 23 फीसदी हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में ही खर्च करना पड़ रहा है। बिजली, पानी, सड़क सरीखे विकास-कार्य भी कर्ज के संसाधनों से चल रहे हैं। बेशक राज्यों की आमदनी, बीते पांच साल में, करीब 47 फीसदी बढ़ी है, लेकिन कर्ज के ब्याज का भुगतान और अन्य खर्च करीब 77 फीसदी बढ़ गए हैं। आमदनी अठन्नी और खर्च रुपयाज! राज्यों का यह कर्ज 76.06 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। आय और व्यय के ऐसे असंतुलन को 'राजस्व घाटा' कहते हैं और खर्चों के बढ़ते बोझ को 'वित्तीय घाटा' करार दिया जाता है। 2023 की पहली छमाही में 21 राज्यों का राजस्व घाटा 70,000 करोड़ रुपए और वित्तीय घाटा 3.5 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया। ये चेतावनी वाले आंकड़े हैं। फरवरी, 2024 की शुरुआत में ही केंद्र सरकार संसद में लेखानुदान पेश करेगी, तो कई आंकड़े चौंका देने वाले होंगे। मई के आम चुनाव के बाद जो सरकार बनेगी, वह नया बजट पेश करेगी। पूर्ण सत्य तब सामने आएगा, लेकिन यह सिलसिला जारी है कि देश और राज्यों के आय-व्यय के बीच गहरे फासले हैं। आम आदमी इन तथ्यों से बेखबर रहता है, लेकिन राजनीतिक दल चुनावों में 'मुफ्त की रसमलाई' बांट रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस, 'आप' से लेकर अधिकतर क्षेत्रीय दल इस 'हम्माम में नंगे' हैं। कोई भी यह यथार्थ देश की जनता से साझा करने को तैयार नहीं है कि देश कर्ज के जाल में जकड़ा है। इस तरह हम 'विकसित अर्थव्यवस्था' नहीं बन सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी बिंदु पर अपना राजनीतिक प्रचार जारी रखा है। वह 2047 की स्थिति के लिए जवाबदेह भी नहीं होंगे, क्योंकि वह पांच और साल प्रधानमंत्री रह सकते हैं। बहरहाल राज्यों की आमदनी और खर्च में पांच, चार, दो गुना अंतर होता है, तो हम अपने आर्थिक भविष्य का आज से ही मूल्यांकन कर सकते हैं। देश की आर्थिक स्थिति का यह कथानक कपोल-कल्पित नहीं है, बल्कि भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रपट पर आधारित है। कर्जदार राज्यों की इस सूची में महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे सम्पन्न राज्य भी शामिल हैं। बड़े 18 राज्यों में से 7 का आय-व्यय का असंतुलन दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। घाटे को समेटने के लिए लगातार बाजार से कर्ज लेना पड़ रहा है। असंतुलन की इस सूची में उप्र, मप्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, बिहार और पंजाब आदि राज्य हैं। इन 21 राज्यों में पहली छमाही में ही पूंजीगत निवेश करीब आधा रह गया है। तो सवाल है कि हम आर्थिक स्तर पर मजबूत कैसे होंगे? इस असंतुलन के मायने ये नहीं हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत जल्द रसातल की ओर जाने लगेगी। हमारा कारोबार बढ़ रहा है, निर्यात और उत्पादन में विस्तार हुआ है, भारत 'मैन्युफैक्क्रिंग हब' बनने की कोशिश कर रहा है। करीब 395 लाख करोड़ की आर्थिकी भी कम नहीं है, लेकिन बढ़ते हुए कर्ज अत्यधिक हैं। हम राजनीतिक दलों को समझा नहीं सकते। 'मुफ्तखोरी' ही जन-कल्याण नहीं है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि घरों में मणियों के दीपक शोभा दे रहे हैं। मूँगों की बनी हुई देहलियाँ चमक रही हैं। मणियों (रत्नों) के खम्भे हैं। मरकतमणियों (पन्नों) से जड़ी हुई सोने की दीवारें ऐसी सुंदर हैं मानो ब्रह्मा ने खास तौर से बनाई हों। महल सुंदर, मनोहर और विशाल हैं। उनमें सुंदर स्फटिक के आँगन बने हैं। प्रत्येक द्वार पर बहुत से खरादे हुए हीरों से जड़े हुए सोने के किंवाड़ हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-चारु चित्रसाला गृह गृह प्रति लिखे बनाइ।**
**राम चरित जे निरख मुनि ते मन लेहिं चोराइ॥**

घर-घर में सुंदर चित्रशालाएँ हैं, जिनमें श्री रामचंद्रजी के चरित्र बड़ी सुंदरता के साथ सँवारकर अंकित किए हुए हैं। जिन्हें मुनि देखते हैं, तो वे उनके भी चित्त को चुरा लेते हैं॥

**सुमन बाटिका सबहिं लगाईं। बिबिध भाँति करि जतन बनाईं॥**
**लता ललित बहु जाति सुहाईं। फूलहिं सदा बसंत कि नाईं॥**

सभी लोगों ने भिन्न-भिन्न प्रकार की पुष्पों की वाटिकाएँ यत्न करके लगा रखी हैं, जिनमें बहुत जातियों की सुंदर और ललित लताएँ सदा वसंत की तरह फूलती रहती हैं॥

**गुंजत मधुकर मुखर मनोहर। मारुत त्रिबिधि सदा बह सुंदर।**
**नाना खग बालकन्हि जिआए। बोलत मधुर उड़ात सुहाए॥**

भौंरे मनोहर स्वर से गुंजार करते हैं। सदा तीनों प्रकार की सुंदर वायु बहती रहती है। बालकों ने बहुत से पक्षी पाल रखे हैं, जो मधुर बोली बोलते हैं और उड़ने में सुंदर लगते हैं॥

**मोर हंस सारस पारावत। भवननि पर सोभा अति पावत॥**
**जहँ तहँ देखहिं निज परिछाहीं। बहु बिधि कूजहिं नृत्य कराहीं॥**

मोर, हंस, सारस और कबूतर घरों के ऊपर बड़ी ही शोभा पाते हैं। वे पक्षी (मणियों की दीवारों में और छत में) जहाँ-तहाँ अपनी परछाईं देखकर (वहाँ दूसरे पक्षी समझकर) बहुत प्रकार से मधुर बोली बोलते और नृत्य करते हैं॥

**सुक सारिका पढ़ावहिं बालक। कहहु राम रघुपति जनपालक॥**
**राज दुआर सकल बिधि चारू। बीथीं चौहट रुचिर बजारू॥**

बालक तोता-मैना को पढ़ाते हैं कि कहो-राम रघुपति जनपालक। राजद्वार सब प्रकार से सुंदर है। गलियाँ, चौराहे और बाजार सभी सुंदर हैं॥

(क्रमश:...)

# जातीय जनगणना के पीछे मंसूबे

***परंतु यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि आज अखिलेश यादव जिन पूर्व पीएम विश्वनाथ प्रताप सिंह की याद में कसीदे पढ़ रहे हैं, उनसे मुलायम सिंह यादव का छत्तीस का आंकड़ा था। नेताजी की नजरों में वीपी सिंह पिछड़ा समाज के खूनी दुश्मन थे।***



समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा में अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की स्क्रिप्ट तैयार कर रही है। यूपी में 28 नवंबर को बजट सत्र की शुरुआत होते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके पीछे-पीछे उनके विधायक और पूरी पार्टी चुनावी मोड में नजर आये। अखिलेश ने जातीय जनगणना कराये जाने की मांग के सहारे अपने मंसूबे जाहिर कर दिये। सपा प्रमुख द्वारा आम चुनाव के लिए लिखी जा रही स्क्रिप्ट में जहां जातीय जनगणना के मुद्दे को राजनैतिक हवा दी जा रही है, वहीं अखिलेश यादव पूर्व प्रधानमंत्री और यूपी के मांडा के राजा स्वर्गीय वीपी सिंह को भी अपनी राजनीति का 'हथियार' बनाने में लगे हैं। जिसकी पृष्ठभूमि यूपी से कोसों दूर तमिलनाडु में लिखी जा रही है। जहां चेन्नै के एक कालेज में पूर्व पीएम की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर हिन्दी के मुखर विरोधी तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव पूर्व पीएम वीपी सिंह की शान में कसीदे पढ़ते नजर आये और कहा कि प्रतिमा के अनावरण से 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में एक स्पष्ट संदेश गया है। गौरतलब है कि तमिलनाडु में सत्तर के दशक से ही ओबीसी आरक्षण पर सियासत होती रही है। वीपी सिंह की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर अखिलेश यादव को भले लग रहा हो कि इससे पूरे देश में एक खास तरह का संदेश जायेगा, परंतु यहां यह नहीं भूलना चाहिए, कि आज अखिलेश जिन पूर्व पीएम वीपी सिंह की याद में कसीदे पढ़ रहे हैं, उनसे मुलायम सिंह यादव का छत्तीस का आंकड़ा था। नेताजी की नजरों में वीपी सिंह पिछड़ा समाज के खूनी दुश्मन थे।

इसकी वजह भी थी, जिसकी बुनियाद अस्सी के दशक में उस समय पड़ी थी, जब वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इसी दौरान वीपी सिंह के एक भाई पूर्व न्यायाधीश को डकैतों ने बरगढ़ के जंगल में घेर कर मार दिया था। इसके बाद वीपी ने यूपी को दस्यु मुक्त करने के लिए बड़े स्तर पर 'दस्यु उन्मूलन अभियान' छेड़ दिया था। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दस्यु जनक सिंह, कांता सिंह जैसे डकैतों को मौत के घाट उतार दिया था। कई डकैतों को जेल जाना पड़ा था। इस अभियान के दौरान कई नामी बदमाशों को भी जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया था जिससे नेताजी मुलायम सिंह काफी नाराज थे। वह साफ कहते थे कि राजा मांडा दस्यु उन्मूलन अभियान के नाम पर पिछड़ों की हत्याएं करा रहे हैं। मुलायम सिंह यादव ने दस्यु उन्मूलन के नाम पर पिछड़े वर्ग के युवाओं को पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने को ऐसा मुद्दा बनाया कि कांग्रेस को बैकफुट पर आना पड़ा और अंतत: वीपी सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा भी देना पड़ा। वीपी सिंह यूपी की नौकरशाही और कांग्रेस की प्राणघातक आंतरिक गुटबाजी से अज्ञात थे। मुलायम सिंह ने इन्हें अपने औजार के रूप में इस्तेमाल किया था।

वीपी सिंह और मुलायम के बीच कड़वाहट इतनी ज्यादा थी कि वीपी के कांग्रेस छोड़ने के बाद भी उनके मुलायम सिंह के साथ रिश्ते सामान्य नहीं हो पाए थे। जब अमिताभ बच्चन के त्यागपत्र से रिक्त हुई इलाहाबाद लोकसभा सीट से वीपी सिंह संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बने तो मुलायम सिंह के नाकारात्मक रुख का एहसास उन्हें निरंतर होता रहता था। इसके पीछे मुलायम सिंह की बड़ी सियासी महत्वाकांक्षा भी काम कर रही थी, मुलायम को लगता था कि मुख्यमंत्री पद के लिए उन्हें (मुलायम सिंह) वीपी सिंह खेमे के अधिकांश विधायकों का समर्थन मिला हुआ है। फिर भी वह सीएम नहीं बन पा रहे हैं। इसी तरह से अयोध्या-राम जन्म भूमि विवाद को सुलझाने के लिए वीपी सिंह द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी मुलायम सिंह संदेह की दृष्टि से देखते थे। उन्हें हमेशा लगता रहता था कि पर्दे के पीछे वीपी सिंह उन्हें अपदस्थ करने के प्रयासों में लगे हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का यह भी परिणाम हुआ कि अपनी सियासत बचाने के लिए वीपी सिंह और मुलायम को समझौता भी करना पड़ा, फिर भी समझौते के लिए किए गए सार्थक और पारदर्शी प्रयासों में भी दोनों को षड्यंत्रों की बू आती थी। शायद अब यह बातें समाजवादी पार्टी के मौजूदा नेतृत्व अखिलेश यादव के लिए कोई मायने नहीं रखती होंगी। इसीलिए वोट बैंक की सियासत में उन्हें मंडल की आग में पूरे देश को झुलसा देने वाले पूर्व पीएम वीपी सिंह ओबीसी के रहनुमा नजर आ रहे होंगे।

खैर, पहले बात उत्तर प्रदेश विधान सभा में समाजवादी पार्टी की रवैये की कि जाये तो बजट सत्र के दौरान अखिलेश ने मीडिया से रूबरू होते हुए साफ शब्दों में कहा कि जातीय जनगणना के बगैर सामाजिक न्याय नहीं हो सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी यह बड़ा मुद्दा रहेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार नहीं चाहती कि हम जनता के सवाल उठाएं। यह सरकार विपक्ष का सामना नहीं करना चाहती है इसीलिए शीतकालीन सत्र कम दिनों का रखा गया ताकि सदन में चर्चा न हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के सवालों से बचना चाहती है। गौर करने वाली बात यह भी रही कि सपा विधायक सत्र के पहले दिन काले कपड़ों में विधानसभा पहुंचे थे। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि यह सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे रही है, बिजली महंगी है, आवारा जानवर सड़क पर घूम रहे हैं, अभी तक धान खरीदने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

बहरहाल, बात सपा विधायकों के सत्र के पहले ही दिन काले कपड़ों में विधानसभा पहुंचने की कि जाये तो दरअसल इस बार विधायक विधानसभा में मोबाइल फोन वगैरह साथ नहीं ले पा रहे हैं। इसके विरोध में समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए ये लोग काले कपड़े पहनकर विधानसभा पहुंच गए। विरोध का यह सिलसिला आगे भी थमने वाला नहीं नजर आता है। बस कुछ तरीका बदल सकता है, परंतु विरोध की आग तो सुलगती रहेगी। जातीय जनगणना ऐसा मुद्दा है जिसे हथियाने की होड़ में तमाम क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ कांग्रेस भी ताल ठोक रही है। इसीलिए बिहार से लेकर यूपी और तमिलनाडु सहित कई राज्यों में यह 'आग' बढ़ती जा रही है। लब्बोलुआब यह है कि भारतीय जनता पार्टी को आम चुनाव में धूल चटाने के लिए समाजवादी पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। अखिलेश यादव ऐसे सभी 'दांव' आजमा रहे हैं जिससे सपा को लोकसभा चुनाव में फायदा मिल सकता है। कुल मिलाकर सपा द्वारा आम चुनाव के लिए तैयार की जा रही चुनावी स्क्रिप्ट में एक्शन और मसाला दोनों नजर आ रहे हैं।

**-अजय कुमार**

# विधायकों को मताधिकार गलत



कई बार क्षणिक लाभ के लिए हम ऐसे निर्णय ले लेते हैं जिनके परिणाम दूरगामी होते हैं और इसके कारण या तो बाद में निर्णय बदलना पड़ता है या ऐसे निर्णय के दुष्प्रभाव का सारी व्यवस्था पर असर पड़ता है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसमें लगता है कि शायद उसके दूरगामी प्रभावों पर विचार नहीं किया गया है। इस निर्णय के अनुसार नगर निगमों के महापौर और उपमहापौर के चुनाव में स्थानीय विधायकों को भाग लेने और मतदान करने का अधिकार दिया गया है, शायद यह निर्णय कानून की कसौटी पर सही नहीं उतरेगा। इस निर्णय के परिणामस्वरूप यदि महापौर और उपमहापौर के चुनाव में विधायकों को मतदान का अधिकार होगा तो फिर क्या जब नगर परिषदों, नगर पंचायतों, जिला परिषदों, पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा तो उसमें भी विधायकों को मतदान का अधिकार होगा? क्या विधानसभा का चुनाव जीत कर विधायक को विधानसभा के अतिरिक्त स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में मतदान का अधिकार मिल जाएगा? इसी के आधार पर सांसदों को यह अधिकार होगा कि उनके चुनाव क्षेत्र में आने वाले सभी नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पंचायतों, जिला परिषदों, पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में सांसद भी अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। फिर मामला केवल पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के मुखिया चुनने तक ही सीमित नहीं होगा, फिर सांसद को अपने राज्य में मुख्यमंत्री के चुनाव में मतदान करने का अधिकार मांगने से कैसे रोका जा सकेगा और यह प्रश्न केवल एक राज्य तक सीमित नहीं होगा, राष्ट्रीय स्तर पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। इसीलिए मैंने कहा कि क्षणिक लाभ के लिए दूरगामी परिणामों वाले निर्णय लेने में पूरा विचार-विमर्श होना चाहिए। एक-दो नगर निगमों के महापौर और उपमहापौर के चुनाव के लालच के साथ-साथ प्रदेशव्यापी और राष्ट्रव्यापी परिणामों को भी ध्यान में रखना चाहिए। ऐसे निर्णय तर्कसंगत नहीं होते, संविधान निर्माताओं ने इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए नेता अर्थात प्रधानमंत्री (सरकार का मुखिया) का चुनाव करने का अधिकार केन्द्र में केवल लोकसभा के सांसदों को दिया है, राज्यसभा के सांसदों को यह अधिकार नहीं है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार का मुखिया, मुख्यमन्त्री विधानसभा के विधायक चुनते हैं, विधान परिषद सदस्यों को यह अधिकार नहीं है। इसलिए नए आदेशानुसार चुने गए महापौर और उपमहापौर का चयन क्या कानून की कसौटी पर न्यायालय में टिक पाएगा? यह महत्वपूर्ण प्रश्न रहेगा। प्रदेश सरकार ने नगर निगमों में महापौर व उप महापौर के चुनाव को प्रभावित करने के लिए इस तरह का फैसला किया है, इसलिए इस निर्णय को वापस लिया जाना चाहिए। सुक्खू सरकार अगर व्यवस्था परिवर्तन चाहती है, तो उसे विपक्ष को भी विश्वास में लेना चाहिए।


**-प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री**

# चांद पर पत्नी के लिए प्लाट (व्यंग्य)

मेरी पत्नी बहुत उत्साहित है जब से उसने पढ़ा कि नासा सन 2040 तक चांद पर लोगों को बसाने के लिए ख़ास इमारतें बनाने की योजना बना रहा है। उसने मुझसे कह दिया है कि वहां एक प्लाट ले ही लो। मैंने कहा वहां प्लाट खरीदना बहुत असंभव, ख़्वाब जैसा है भूल जाओ। वह बोली कितने लोग अपने बेटी बेटे के नाम पर वहां ज़मीन खरीद रहे हैं। वह हमारे से ज़्यादा पैसे वाले तो नहीं हैं। आम लोग हैं। मैंने कहा वह एक दूसरे को उल्लू बुद्धू और बेवकूफ एक साथ बना रहे हैं।

उसने समझाया कि वहां पानी, ऑक्सीजन, कैल्शियम और बर्फ के सबूत मिले हैं तो क्या परेशानी है, कोशिश करो। मैंने दबाव डालकर कहा कि वहां तापमान 600 सौ डिग्री पहुंच जाता है, दुनिया के सारे एसी वहां पिघल जाएंगे। वहां सड़कें बनाना मुश्किल है तो पत्नी बोली, हमने कौन सा अभी वहां जाना है। प्लाट तो ले लो बच्चों के नाम, जब दाम महंगे होंगे तो फायदा देखकर बेच देंगे।

सुना है वहां मिटटी मिली है, उसके ही घर बनाए जाएंगे। दुनिया से भी ज्यादा प्राकृतिक घर होगा। मैंने गलती से बता दिया कि वहां किचन और बाथरूम के लिए हरी भूरी सफ़ेद टाइलें बनाई जा रही हैं। इससे वह और उत्साहित हो गई बोली मुझे वो बातें मत बताओ जो मुझे पता नहीं है, बस वहां प्लाट ले लो।




आपको पता होना चाहिए कि पंद्रह साल से चल रहे सीरियल में भी नायक अपने पड़ोसी की पत्नी के लिए चांद पर प्लाट खरीद चुका है। मेरी कई सहेलियों के नाम पर वहां प्लाट लिए जा चुके हैं, कुछ ले रही हैं। हमारा तो अपना ही मोहल्ला बस जाएगा वहां। कुछ समय बाद शुक्र ग्रह पर भी पहुंच गए तो वहां भी एक बढ़िया सा मकान बना लेंगे। राजनीति खूब रोल अदा करती है। कामयाबी पर सियासत होनी चाहिए, सो होती है। श्रेय आ जाए तो उसे लूटने वालों में होड़ मचती है, मची। जिन्हें डायबिटीज है उन्होंने भी देशप्रेम के लड्डू खाए। कुछ महा कल्पना शील लोग तो चांद पर घूम फिर आए होंगे। वहां के तापमान में मज़े की ठंडक महसूस कर रहे होंगे। उन्हें चांद के सिवा कुछ सूझ ही नहीं रहा होगा। पहाडी क्षेत्र का बंदा जिसके यहां पांच दिन से पानी नहीं, बिजली का खंबा पिछली बारिश के मलबे में दब चुका है, सोच रहा है कि वैज्ञानिकों ने हमारे देश को चांद पर पहुंचा दिया क्या वे हमारे पहाड़ी शहर को बचाने की विधियां खोज सकेंगे। बेचारा उम्मीद के किनारे बैठा सोचे जा रहा है।

उसे लगता है समाज के सभी किस्म के नायकों को चांद जैसी ऊंची जगहों से उतरकर धरती पर आना चाहिए। वैसे तो सूर्य पर जाना भी मुश्किल नहीं है उच्च तकनीक है, करोड़ों है खर्च करने के लिए। पर्यावरण जैसा मुद्दा तो महारानी राजनीति ही नकार देती है, बेरोजगारी, अस्वच्छता और कुस्वास्थ्य की क्या बिसात। चांद, शुक्र, मंगल और सूर्य पर जाना साफ़ सुथरा काम है। इन यात्राओं से दुनिया में नाम होता है। छोटी मोटी दिक्कतें तो चलती रहती हैं। सोच रहा हूं शादी की पचासवीं वर्षगांठ पर इतने पैसों का उपहार पत्नी को दे दूं जितने में चांद पर प्लाट आएगा। पैसे उचित ढंग से इन्वेस्ट हो जाएंगे और चांद पर जाने का खर्च भी बचेगा।


**- संतोष उत्सुक**

# राशिफल


कार्तिक शुक्ल पक्ष-तृतीया | (विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्थिति ठीक है। पराक्रम रंग ला रहा है। व्यावासायिक स्थिति सुदृढ़ होती जा रही है।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
धन का आवक बढ़ेगा। थोड़ा जुबान अनियंत्रित हो सकती है। ज्यादा बोलने से बचना चाहिए आपको।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। बड़े अच्छे निर्णय ले रहे हैं आजकल आप।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
घरेलू सुख बढ़- चढ़कर बनेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी होगी। थोड़ा मन चिंतित रहेगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति। संतान पक्ष थोड़ा मजबूत नहीं दिख रहा है।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। लिक्विड फंड में बढ़ोतरी हो रही है। आजकल शुभ बोलेंगे। अटरेक्ट करेंगे अपनी जुबान से।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
बहुत दिनों बाद फिर कामदेव के प्रतिक बने हुए हैं। आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। एक ओज आप में आ गया है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शुभ कार्यों में खर्च अधिक हो जाएगा। इससे कर्ज की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य भी मध्यम है।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय में अच्छी- खासी सुदृढ़ स्थिति हो रही है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिल रहा है।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति अब जाकर सुदृढ़ हुई है। भाग्य साथ देगा। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावनात्मक संबंधों में तू-तू, मैं- मैं संभव है। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू- तू, मैं- मैं से बचें। स्वास्थ्य अच्छा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
यूरिन से संबंधित परेशानी हो सकती है। बचकर पार करें। विपरित लिंगी संबंधों में उंगली उठ सकती है आप के ऊपर।

# डीएम की अध्यक्षता में श्रम बंधु की हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रम बंधु गौतम नगर की बैठक जिलाधिकारी मनीष वर्मा की अध्यक्षता में सूरजपुर कलेक्ट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, रास सागर, ओम प्रकाश, राम स्वारथ ने श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से बैठक में रखा। इसी तरह अन्य श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी कर्मचारियों की समस्याओं को रेखांकित किया। सभी श्रमिक प्रतिनिधियों ने श्रम विभाग की श्रमिकों की समस्याओं के समाधान करने में बरती जा रही लापरवाही/ उदासीनता पूर्ण रवैया की कड़ी निंदा किया।

बैठक की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने दी है।

# बैठक में निर्णय, उत्पीड़न के खिलाफ देंगे धरना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बिजली विभाग विजिलेंस थाना–सेक्टर– 63 के आरक्षियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ राष्ट्रीय शहरी ग्रामीण विकास समिति/ ग्रामीण विकास समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी हर गोविंद सिंह, रामजी यादव, राजेश कुमार राठौर, गंगेश्वर दत्त शर्मा, किरण देवी के नेतृत्व में अंकुर फार्म हाउस सेक्टर–115 नोएडा पर संपन्न हुई।

बैठक की जानकारी देते हुए ग्रामीण विकास समिति के संयोजक गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हिंडन पुस्ता पार बसी दर्जनों कॉलोनी में लगातार मांग करने के बाद भी बिजली नहीं दी जा रही है उल्टे चोरी का आरोप लगाकर गलत तरीके से नोटिस भेज कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। नोटिस लेकर आने वाले बिजली विभाग के विजिलेंस टीम के कर्मचारी लोगों के साथ गाली–गलौच, धक्का मुक्की कर प्रताड़ित कर रहे हैं।

# रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा आर वी नॉर्थलैंड इंस्टिट्यूट चिटहेरा में एक ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया। कैम्प में 79 यूनिट बहुमूल्य रक्त एकत्रित हुआ। 22 लोग हीमोग्लोबिन कम होने की वजह से रक्त दान नहीं कर पाये। एक यूनिट रक्त से तीन लोगो की जान बचाई जा सकती हे।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष कपिल शर्मा, कपिल गुप्ता, शुभम् सिंघल, आरबी नॉर्थलैंड इंस्टिट्यूट के चेयरमैन वेदराम शर्मा, संजार आलम, संजय कुमार, एस एन शर्मा, हरेंद्र सिंह, संजीव कुमार, पुनीत शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।



**कल भाकियू द्वारा जेवर टोल को फ्री कर दिया गया था। इस मौके पर यूनियन के युवा पश्चिमी प्रदेश के उपाध्यक्ष पवन चीरौली अपने कार्यकर्ताओं के साथ टोल पर मौजूद रहे।**

# मुख्यमंत्री धामी का भाजपा नेता ने किया धन्यवाद

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तरकाशी की सिल्कवारा सुरंग से में फंसे 41 मजदूरों को सकुशल निकाले जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि सिल्कवारा सुरंग में फंसे पिछले 17 दिनों से 41 मजदूरों को जिस तरह से सरकार ने प्रयास करके सुरक्षित निकाला है। वह स्वागत के योग्य है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर उत्तराखंड सरकार के संपर्क में थे और यही नहीं उन्होंने सुरंग से निकल गए सभी 41 मजदूरों से एक–एक कर बात कर उनका हौसला भी बढ़ाया है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश एवं देशवासियों की चिंता करते रहते हैं। ऐसा प्रधानमंत्री मिलना हमारे देश के लिए कठिन है। उन्होंने कहा कि मजदूरों ने भी 17 दिन सुरंग में रहकर धैर्य रखा वह कठिन काम था लेकिन मजदूरों ने भी हिम्मत दिखाई और आज मजदूर ही नहीं पूरा देश खुशी मना रहा है। सरकार के अथक प्रयासों से सभी मजदूरों को सकुशल निकाल लिया गया यह हमारे देश के लिए गौरव की बात है।



# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आज जुनेदपुर गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने जाते समय भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को फूल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वागत करने वाले लोगों में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल गुर्जर, महेश शर्मा, सेवा नंद शर्मा, बलराज भाटी, बिजेन्द्र प्रमुख, इन्दर नागर, इन्दर जीत टाइगर आदि मुख्य रहे।



**नेपाल के राज्य सभा सांसद जगत पारीक से नई दिल्ली में मुलाकात करते भाजपा नेता नवीन भाटी ( शहदरा )**


## पूर्वोत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

निम्नखिखित कार्य के लिए "खुली" ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :– निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण : 18–2023–कालोनी, कार्य का नाम– "गोरखपुर – गोरखपुर क्षेत्र में 420 kWp क्षमता के सोलर पीवी प्लांट का प्रावधान"। अनुमानित लागत ₹ : 2,24,95,736.40, बयाने की राशि ₹ : 2,62,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 06 महीना। ● आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 15.12.2023 समय 15.00 बजे तक। ● इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/
मुजाधि/विद्युत- 214 पू.उ.रे./गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

**दीपावली व छठ त्यौहारों के उपरांत यात्रा करने वाले रेलयात्रियों की भारी संख्या के सुगम आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:–**

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 10.12.2023 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 11.12.2023 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 08.12.2023 तक |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 05.12.2023 तक |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 06.12.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.12.2023 तक |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 08.12.2023 तक |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 11.12.2023 तक |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 10.12.2023 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023, 10.12.2023 |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 04.12.2023, 11.12.2023 |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 01675 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.2023, 04.12.2023 |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | शनिवार, मंगलवार | 02.12.2023, 05.12.2023 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | दिन वार | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05283 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 18.12.2023 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 19.12.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.12.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 05.12.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | दिन वार | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | दिन वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 02248 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | दिन वार | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 10:50 | | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 07.12.2023 तक |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 08.12.2023 तक |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | दिन वार | शनिवार | 02.12.2023 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | गुरूवार, रविवार | 30.11.2023 एवं 03.12.2023 |
| 02351 | पटना जं. | 16:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 06:00 | दिन वार | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 02352 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | पटना जं. | 21:55 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.2023 एवं 02.12.2023 |
| 05315 | छपरा जं. | 11:15 | दिल्ली जं. | 11:20 | दिन वार | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा जं. | 13:20 | | शनिवार | 02.12.2023 |
| 05464 | वाराणसी शहर | 10:40 | जौनपुर | 13:00 | | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 02365 | राजगीर | 20:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार और मंगलवार | 09.12.2023 तक |
| 02366 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | राजगीर | 19:10 | | रविवार और बुधवार | 10.12.2023 तक |
| 05473 | जौनपुर जं. | 13:20 | औड़िहार जं. | 14:40 | | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 04002 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 15:45 | | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 04001 | पटना जं. | 18:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:20 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | दिन वार | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. | 01:30 | | शनिवार | 02.12.2023 |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | | प्रतिदिन | 30.11.2023 |
| 04021 | सहरसा जं. | 19:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | प्रतिदिन | 01.12.2023 तक |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अंबाला कैंट | 22:20 | दिन वार | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 05530 | आनन्द विहार (ट.) | 18:30 | दरभंगा जं. | 16:00 | दिन वार | गुरूवार | 30.11.2023 |
| 05559 | दरभंगा जं. | 19:30 | आनन्द विहार (ट.) | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05560 | आनन्द विहार (ट.) | 18:30 | दरभंगा जं. | 16:00 | | शनिवार मंगलवार | 05.12.2023 तक |
| 03575 | आसनसोल जं. | 10:15 | आनन्द विहार (ट.) | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 03576 | आनन्द विहार (ट.) | 11:15 | आसनसोल जं. | 10:20 | | शनिवार | 02.12.2023 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 05064 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 03.12.2023 |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.12.2023 से 26.01.2024 |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 17.12.2023 से 28.01.2024 |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.12.2023 |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 04.12.2023 |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 02.12.2023 |

29.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

पर हमें फॉलो करें

# हूटर बजाकर, स्टंट बाजी करते निकले बाराती

**नोएडा (चेतना मंच)।** सड़क पर लग्जरी कारों में लगे हूटर को बजाकर स्टंट बाजी करते हुए कुछ लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों ने इस वीडियो को गौतम बुद्ध नगर ट्रैफिक पुलिस को टेक कर कार्रवाई की मांग की है। यह वीडियो थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के एफ एन जी का बताया जा रहा है।

बीते दिनों कमिश्नरेट पुलिस ने शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए जा रहे। बारातियों द्वारा चलती कारों से नोट फेंकने तथा स्टंट करने के मामले में कड़ी कार्रवाई की थी। इस मामले में पुलिस ने कई कारों को सीज कर उन पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया था। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ बाराती कारों की खिड़की से लटक कर स्टंट करते हुए दिख रहे हैं साथ ही इन कारों में तेज हूटर बजाया जा रहा है। स्टंट बाजी की इस घटना को किसी व्यक्ति ने अपने कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। ज्यादातर लोगों का कहना है कि नियम कानून की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे अमीरजादो के खिलाफ पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस का कहना है की वीडियो में दिख रहे कारो के नंबर के आधार पर मलिको का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना सेक्टर 63 पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है पुलिस के मुताबिक यह वीडियो थाना क्षेत्र के एफएनजी रोड का है। इस वीडियो में एक कार पर एक राजनीतिक दल का स्टीकर भी लगा हुआ है।



# कोरोना की तीसरी लहर नहीं होगी घातक आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिक का दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को कुछ दिन पहले खारिज करने वाले आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिक मणींद्र अग्रवाल ने अब कहा है कि तीसरी लहर आ सकती है,लेकिन यह दूसरी लहर जितनी घातक नहीं होगी।



कोरोना की सटीक भविष्वाणी के लिए मणींद्र अग्रवाल की अगुवाई में गठित तीन सदस्यीय टीम ने कहा है कि तीसरी लहर अक्टूबर- नवम्बर के बीच पीक पर होगी और इस दौरान रोजाना 1 मामले सामने आ सकते हैं। जबकि दूसरी लहर के दौरान मई माह में कोरोना जब अपने पीक पर था तो रोजाना 4 लाख से ज्यादा मामले सामने आए थे। उन्होंने ट्वीटकर बताया कि स्थिति तब अनियंत्रित हो जाती है,जब कोई नया वेरिएंट आता है। लेकिन नया वेरिएंट तब आएगा जब सितम्बर तक 50 फीसदी से ज्यादा संक्रमण नए वेरिएंट के वजह से हों। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर में कोरोना के नए वेरिएंट का असर कम होगा और यह दूसरी के लहर के मुकाबले कम घातक होगा। बतादें कि आईसीएमआर ने भी दावा किया है कि कोरोना की तीसरी लहर दूसरी लहर के मुकाबले कमजोर होगी। लेकिन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देश मे टीकाकरण की रफ्तार बेहद धीमी है। यदि इसे तेज नहीं किया गया तो तीसरी लहर के दौरान रोजाना 6 लाख मामले सामने आ सकते हैं। चेताया गया है कि तीसरी लहर को सिर्फ टीकाकरण के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है।

# भाजपा नेता के निधन पर जताया शोक

**ज्ञानपुर( भदोही )।** भाजपा के जिला कार्यालय पर एक शोक सभा हुई जिसमे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व सह प्रभारी तथा बिहार राज्य के सह प्रभारी सुनील ओझा के निधन पर शोक व्यक्ति किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा, लोकसभा विस्तारक महावीर वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र सिंह, छत्रपति सिंह, गोवर्धन राय, मनीष पांडेय, सपना दुबे, राजेंद्र पाल बघेल, दीपक विश्वकर्मा, मोनू शर्मा, आलोक सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# फुटपाथ पर मिला शव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-52 के गेट नंबर-3 के पास फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस बीमारी की वजह से मौत होने की आशंका जाता रही है। सेक्टर-52 के गेट नंबर-3 के पास बने फुटपाथ पर पीपल के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति का शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाई तो उसका नाम प्रमोद पता चला। लोगों ने बताया कि प्रमोद नामक यह व्यक्ति फुटपाथ पर ही रहता था और पिछले काफी समय से बीमार था। शव के पास से जिला अस्पताल के इलाज की पर्ची तथा दवाइयां भी मिली हैं । थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं है प्रथम दृष्टिया बीमारी से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है।

# पहले लूटा एटीएम कार्ड फिर निकाली नगदी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-18 के पास एक व्यक्ति से बदमाश एटीएम कार्ड लूटकर फरार हो गया। कुछ ही देर में बदमाश ने एटीएम कार्ड के जरिए अकाउंट से 57000 रूपये निकाल लिए। पीड़ित ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन की पंचशील हाईनेस सोसाइटी में रहने वाले अभिजीत कुमार ने बताया कि वह बीते 25 नवंबर की शाम को सेक्टर 52 से मेट्रो के जरिए सेक्टर-18 आ रहे थे। इस दौरान उसने फोन कर अपने एक परिचित से अकाउंट में पैसे मंगवाए। इस दौरान उसके आसपास खड़े लोगों ने उसकी तमाम बातें सुनी। मेट्रो रेल में सफर के दौरान उसने मोबाइल फोन पर अपना बैलेंस चेक किया तो पास खड़े लोगों ने उसका यूपीआई पिन भी देख लिया।

सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन पर उतरकर वह एटीएम गया। इस दौरान उसके साथ ट्रेन में सफर कर रहे दो युवक भी एटीएम बूथ में आ गए। अभिजीत कुमार के मुताबिक उसने बूत में लगी मशीन में एटीएम कार्ड डालकर पैसे निकालने की कोशिश की। इस दौरान पीछे खड़े युवक ने उसका पिन नंबर देख लिया। पैसे ना निकलने पर वह जैसे ही एटीएम बूथ से बाहर निकाला तो उक्त युवक उसका मोबाइल फोन व एटीएम कार्ड झपटकर फरार हो गया। अभिजीत कुमार के मुताबिक उसने अपने बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल कर अकाउंट ब्लॉक करने को कहा लेकिन बैंककर्मियों ने बताया कि उसके अकाउंट से 57000 रूपये निकाल लिए गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर आरोपी की तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कालका एक्सप्रेस में महिला का प्रसव कराया

## रेलवे की महिला सुरक्षा और ऑपरेशन मातृशक्ति अभियान शुरू

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** रेल प्रशासन द्वारा ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत एक महिला को ट्रेन में प्रसव के उपरांत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में विशेष रूप से अकेले यात्रा करने वाली या अपराध की चपेट में आने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए मेरी सहेली 'महिला सुरक्षा और ऑपरेशन' मातृशक्ति, पहल शुरू की गई है।

इसी क्रम में 27 नवंबर को उप स्टेशन अधीक्षक टूंडला से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 12312 कालका एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-3 में एक महिला यात्री श्रीमती अर्चना को प्रसव पीड़ा हो रही है। सूचना मिलने पर रेल प्रशासन ने तत्परता से कार्य करते हुए तुरंत डॉक्टर को सूचना दी एवं ट्रेन के टूंडला स्टेशन पहुचने से पहले रेल प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली। जैसे ही ट्रेन टूंडला स्टेशन पर आयी रेलवे डॉ. संजय द्विवेदी अपने स्टाफ के साथ तुरंत बी-3 कोच में पहुंचे। पहुँचने पर देखा की महिला का प्रसव हो चुका है और महिला ने एक लड़के को जन्म दिया है।

डॉ. संजय द्विवेदी ने जच्चा-बच्चा दोनों को चेक किया और प्राथमिक उपचार मुहैया कराया। डॉक्टर के निर्देशानुसार एम्बुलेंस से जच्चा-बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला के लेबर रूम में भर्ती कराया गया। लेबर रूम में डॉ. लाखन सिंह व महिला स्टाफ की देखरेख में उपचार किया जा रहा है।



रेलवे सुरक्षा बल से हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह व लेडी कांस्टेबल नेहा एवं महिला के पति हॉस्पिटल में उपस्थित हैं। महिला व बच्चा दोनों स्वस्थ हालत में है। परिजनों ने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।


उत्तर मध्य रेलवे

G20

**संविदा के आधार पर चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार**

संख्या: NCR-HQ0PERS(GCDR)/9/2020 दिनांक: 28.11.2023

विषय: केन्द्रीय चिकित्सालय, उमरे, प्रयागराज में करार के आधार पर पूर्णकालीन तौर पर नियुक्त करने हेतु।

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा 02 (दो) चिकित्सकों को एक वर्ष की अवधि के लिए करार के आधार पर पूर्णकालीन तौर पर नियुक्त करने हेतु "ओपेन मार्केट" के चिकित्सकों एवं केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/भा.रे.चिकि.से.(रेलवे) के सेवानिवृत्त चिकित्सकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। शैक्षणिक योग्यता- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से GDMO डॉक्टर हेतु एमबीबीएस, एक वर्ष की internship तथा राज्य मेडिकल कौंसिल/मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया से जारी वैध Registration Certificate होना चाहिये। ओपेन मार्केट के डॉक्टरों को देय मानदेय:- रूपए 75,000/- प्रतिमाह (जनरल ड्यूटी) रिक्तियों की संख्या:-02 (सामान्य-01 अन्य पिछड़ा वर्ग-01) इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन e-mail id- drsanjay2003@gmail.com पर दिनांक 07.12.2023 (17:00 बजे) तक PDF फॉर्म से भेज सकते हैं। अभ्यर्थी को निम्नलिखित तिथि, समय एवं स्थान पर साक्षात्कार हेतु उपलब्ध रहना होगा:-

| | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| साक्षात्कार | 08.12.2023 (शुक्रवार) | प्रातः 14:00 बजे | केन्द्रीय चिकित्सालय, उमरे, प्रयागराज |

अधिसूचना की प्रति उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

ओपेन मार्केट के चिकित्सकों हेतु आवेदन का प्रारूप

सेवा में,
महाप्रबंधक/कार्मिक
प्रधान कार्यालय,
उत्तर मध्य रेलवे, सूबेदारगंज,
प्रयागराज।

नवीनतम पासपोर्ट साइज स्वप्रमाणित फोटो

1. नाम स्पष्ट अक्षरों में: ........................
2. पिता/पति का नाम स्पष्ट अक्षरों में: ........................
3. स्थाई पता: ........................
4. पत्राचार का पता: ........................
5. मोबाइल नं0-..................ई-मेल आईडी........................
6. जन्मतिथि ............... दिनांक 01.01.2023 को आयु (...........दिन ............माह..........वर्ष)
7. जिस कोटि से हैं (लिखें) सामान्य, अ.जा., अज.जा और अ.पि.जा.............
8. राष्ट्रीयता : ........................
9. क्या आप किसी रेलवे में संविदा चिकित्सक के रूप में कार्य कर चुके हैं, यदि हॉ तो पूर्ण विवरण दें........................
10. शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता : ........................

| परीक्षा | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | मेडिकल कॉलेज/विश्व विद्यालय का नाम | एटेम्पट्स की संख्या | प्राप्तांकों का प्रतिशत | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
| हाई स्कूल/समकक्ष | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट/समकक्ष | | | | | | |
| एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष | | | | | | |
| एम.बी.बी.एस. द्वितीय वर्ष | | | | | | |
| एम.बी.बी.एस. भाग-I | | | | | | |
| एम.बी.बी.एस. भाग-II | | | | | | |
| एम.बी.बी.एस. अंकों का संपूर्ण प्रतिशत | | | | | | |
| पीजी (एमडी/एमएस/डिप्लोमा सभी पीजी के समतुल्य माने जायेंगे)। कृपया डिसीप्लीन अंकित करें। | | | | | | |

11. चिकित्सा परिषद की पंजीकरण संख्या या........... प्रदेश .......
12. अनुभव यदि कोई हो........................
13. निम्नलिखित प्रमाणपत्रों को स्वयं द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है (सत्यापित प्रतियों के साथ मूल प्रति भी हो)
    (i) हाल ही में पासपोर्ट आकार का एक फोटो
    (ii) जन्मतिथि के लिए प्रमाणपत्र (हाईस्कूल/समकक्ष का प्रमाणपत्र)
    (iii) सामान्य ड्यूटी अभ्यर्थियों द्वारा एम.बी.बी.एस. की डिग्री एवं अंकपत्र (सभी भाग) तथा यदि कोई अन्य उच्चतर मेडिकल योग्यता हो तो उसकी डिग्री प्रमाणपत्र।
    (iv) इंटर्नशिप प्रमाणपत्र
    (v) भारत/राज्य के चिकित्सा परिषद का रजिस्ट्रेशन संख्या
    (vi) एटेम्पट्स प्रमाणपत्र
    (vii) हाउस जॉब प्रमाणपत्र यदि हो तो।
    (viii) अनु.जा./अनु.ज.जाति/अ.पि.जाति से संबंधित प्रमाणपत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन में दिए गए विवरण सत्य, पूर्ण तथा मेरी जानकारी व विश्वास से सही है। मैं यह जानता/जानती हूँ कि यदि यहां दी गयी जानकारियों में से कोई भूल से गलत हो या मैंने कुछ छिपाया हो तो मेरी सेवाएँ समाप्त कर दी जायेंगी और मेरे विरूद्ध सिविल आपराधिक कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

मैं यह जानता/जानती हूँ कि मैं इस साक्षात्कार के लिए किसी भी यात्रा/महंगाई भत्ते का हकदार नहीं हूँ।

स्थान: ............ उम्मीदवार के हस्ताक्षर
दिनांक: ............ 1933/23 (AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR


# पृष्ठ एक के शेष....

**विकसित भारत बनाने...**

आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्चुअली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात की।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, भाजपा प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेन्द्र चौधरी, रवि जिंदल व अन्य पार्टी नेताओं ने स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसके लिए प्रधानमंत्री दिन-रात काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत बनाने के लिए बीते 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की थी। यह संकल्प यात्रा 25 जनवरी 2024 को समाप्त होगी। संकल्प यात्रा के जरिए देश की हर पंचायत, नगर पालिका और नगर परिषद से जुड़ना है। यात्रा का लक्ष्य है कि देश की 2 लाख 73 हजार पंचायतों के जरिए करोड़ों लोगों तक पहुंचा जाए। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत बनाने के लिए 10 करोड़ 74 लाख परिवारों के 55 करोड़ ऐसे लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है जो छोटे-मोटे व्यवसाय से जुड़े हैं उन्हें 2500 बीमारियों के लिए प्रति व्यक्ति 5 लाख के उपचार की व्यवस्था की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस दौरान पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना के बारे में आम जन को बताने के लिए भाजपा के प्रत्येक सांसद, मुख्यमंत्री, विधायक, नगर पालिका के सदस्य का आहवान किया कि वह इस योजना के लाभार्थियों को जागरूक करें।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के संबोधन के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से सीधे वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए बात की। प्रधानमंत्री के संवाद को सुनने के लिए कार्यकम स्थल पर बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


**युवक-युवती को पिटाइ...**

की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पीजी में यूनिवर्सिटी...**

करते हुए उनकी बेटी व रूममेट को धमकाया। इसके बाद उन्होंने बच्चों को पीजी से निकालने के लिए कहा तो गौरव गिरी व स्वाति गिरी ने उनके साथ काफी अभद्र व्यवहार किया। रात के समय वार्डन नीतू उनके बच्चों के कमरे में गई और कमरे की चाबी छीनकर उनके साथ गाली-गलौज की।

बीते 20 नवंबर को उनके बेटी के रूममेट अपने माता-पिता के पास गई हुई थी। इस दौरान वार्डन नीतू उनकी बेटी के कमरे में पहुंची और उसका सारा सामान जप्त कर लिया। अगले दिन जब उनकी बेटी की रूममेट पीजे में पहुंची तो उसे सारे घटनाक्रम का पता चला। दोनों छात्राओं ने तुरंत पीजी छोड़ने का निर्णय लिया। विशाल त्यागी का आरोप है कि इस बात की जानकारी मिलने पर नीतू ने गार्ड को छात्रों का सामान छीन पीजी से निकाल दिया। गार्ड ने दोनों छात्रों का सामान छीनकर उन्हें धक्का देकर पीजी से निकाल दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में विशाल त्यागी की शिकायत पर गौरव गिरी स्वाति गिरी, वार्डन नीतू व गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**विधवा महिला को...**

मुआवजे के पैसे आएंगे तो वह उसके नाम बैंक में एफडी कर देगा। पूनम के मुताबिक कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसके बैंक खाते में मुआवजे के पैसे आ चुके हैं। वह जब बैंक में पैसों के बारे में पता करने गई तो पता चला कि उसे 65 लाख 50 हजार रुपए का मुआवजा मिला था।

बैंक खाते को संचालित करने का अधिकार तेजवीर ने धोखाधड़ी से अपने नाम कर लिया था। इस कारण उसने उसके खाते से 55 लाख रुपए निकाल लिए। खाते से पैसे निकालने की जानकारी मिलने पर उसने जब तेजवीर से इस संबंध में बात की तो उसने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे धमकाकर भगा दिया। बीते 16 अक्टूबर को उसने जब तेजवीर व उसकी बेटी आकांक्षा से बात की तो दोनों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और उसकी बेटी तथा पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने तेजवीर व उसकी बेटी आकांक्षा पर धोखाधड़ी से 55 लाख रुपए निकालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**भांजी की शादी में...**

मौके पर पहुंचे परिजन घायल अशोक को उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में अशोक की पत्नी प्रेमलता शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**विवाहित महिला के लिए...**

न केवल मारपीट करता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक शोषण भी कर रहा है और बंधक बनाकर रख रखा है।

भानू प्रताप का कहना है कि उसने अपनी पत्नी को बंधक बनाकर रखे जाने की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके बाद भानू प्रताप ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 49 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**रिछपाल गढ़ी गांव...**

धनीराम की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बातचीत कर उनसे आपसी सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाल कर इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

आपको बता दें कि बीते 10 दिनों में मंदिर में मूर्तियां खंडित करने की यह दूसरी घटना है। कुछ दिन पूर्व थाना दादरी क्षेत्र में भी शरारती तत्वों ने मूर्तियां खंडित कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। चंद दिनों के अंतराल पर हुई इस दूसरी घटना से आशंका जताई जा रही है कि कुछ शरारती तत्व जिले की फिजा को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

# बीसीसीआई ने मुख्य कोच द्रविड़ सहित सहयोगी स्टॉफ का अनुबंध बढ़ाया

**मुंबई ।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ का अनुबंध बढ़ा दिया है। कुछ घंटों पहले ही टीम के मुख्य कोच के रूप में बने रहने के लिए द्रविड़ को अनुबंध विस्तार की पेशकश की गई थी। द्रविड़ के साथ ही सहायक कोचों विक्रम राठौड़ (बल्लेबाजी कोच), पारस म्हाम्ब्रे (गेंदबाजी कोच) और टी दिलीप (क्षेत्ररक्षण कोच) को बरकरार रखा गया है। पिछले सप्ताह बीसीसीआई ने द्रविड़ से संपर्क किया था, जिसमें कार्यकाल विस्तार की संभावना खुली थी। अभी इसकी पुष्टि हो गई है, कि द्रविड़ ने यह प्रस्ताव स्वीकार किया है। बीसीसीआई द्वारा द्रविड़ के साथ बने रहने का एक प्रमुख कारण टीम में उस संरचना और माहौल में निरंतरता बनाए रखना है जिसे उन्होंने पिछले दो वर्षों में स्थापित किया है, जो नए कोच की नियुक्ति के साथ बाधित हो सकती थी।

द्रविड़ के दूसरे कार्यकाल में उनका पहला काम 10 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका का दौरा होगा, जिसमें तीन वनडे और टी20 और दो टेस्ट खेलने हैं, जो 26 दिसंबर से शुरू होगा। इसके बाद जून में वेस्टइंडीज/यूएसए में आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। गौर हो कि 2021 में निराशाजनक आईसीसी टी20 विश्व कप अभियान के बाद द्रविड़ ने रवि शास्त्री की जगह ली जिसके कारण भारत सुपर 12 चरण से बाहर हो गया। उन्हें 2 साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था, जो हाल ही में घरेलू मैदान पर संपन्न आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारत के उपविजेता रहने के साथ समाप्त हुआ। जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में ऑस्ट्रेलिया से हारकर आईसीसी टूर्नामेंट में द्रविड़ के नेतृत्व में यह संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से दस विकेट से हार दर्ज की थी। विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से



भारत की हार के बाद द्रविड़ ने कहा कि उन्हें सभी प्रारूपों में भारत की शीर्ष रैंकिंग पर गर्व है, हालांकि इसके लिए आईसीसी ट्रॉफी नहीं होना निराशाजनक था। मुख्य कोच बने रहने पर द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने इस पर फैसला नहीं किया है क्योंकि वह विश्व कप की तैयारियों में व्यस्त थे।



## जूनियर लड़कों के स्नूकर ताज के लिए दुग्गल और गर्ग में भिड़ंत

**चेन्नई,**

पिछले हफ्ते जूनियर लड़कों के बिलियर्ड्स का खिताब जीतने वाले चंडीगढ़ के रणवीर दुग्गल 'डबल' स्कोर से एक कदम दूर हैं क्योंकि वह यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में चल रही 90वीं राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप 2023 में जूनियर लड़कों के स्नूकर फाइनल में पहुंच गए हैं। पिछले साल जूनियर स्नूकर में उपविजेता रहे दुग्गल खिताब के लिए गुजरात के मयूर गर्ग से भिड़ेंगे। गर्ग ने मौजूदा चैंपियनशिप में सब-जूनियर लड़कों के बिलियर्ड्स का खिताब जीता और सब-जूनियर लड़कों के स्नूकर में उपविजेता रहे। दोनों ने अपने-अपने सेमीफाइनल में कड़ी टक्कर के बाद 4-3 से जीत दर्ज की। दुग्गल ने महेंद्र चौहान (एमपी) को हराया और गर्ग ने कामरान मस्जिद को हराया।

संक्षिप्त समाचार



## विक्की कौशल की उपस्थिति में यू मुंबा ने किया जर्सी का अनावरण

**मुंबई।** यू मुंबा ने बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल की उपस्थिति में बुधवार को प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए यू मुंबा की जर्सी का अनावरण किया। यू मुंबा आगामी रोमांचक सीज़न के लिए तैयार है। नए विचार और विवरणों पर ध्यान देने के साथ डिज़ाइन की गई नई जर्सी उत्कृष्टता, एकता और मुंबई की स्थायी भावना को दर्शाती है। नई जर्सी को विकी कौशल, टीम के मालिक रोनी स्क्रूवाला, सीईओ सुहैल चंडोक के अलावा सीजन 10 के कोर टीम के सदस्यों सुरिंदर सिंह, महेंद्र सिंह, रिंकू, गिरीश एर्नाक, गुमान सिंह और प्रणय की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, मुंबई शहर के दिल और आत्मा को समाहित करने वाले तत्वों से जुड़ी, जर्सी लोगों की ऊर्जा, विविधता, हलचल और अदम्य भावना को दर्शाती है जो मुंबई का प्रतिनिधित्व करता है। प्रत्येक थ्रेड एक कहानी बताता है, जो एक ऐसे शहर की नब्ज को प्रतिबिंबित करता है जो कभी नहीं सोता है और उत्कृष्टता की निरंतर खोज जो यू मुंबा को परिभाषित करती है। जर्सी की प्रमुख विशेषताओं में से एक समुद्र का प्रतिनिधित्व है। जो मुंबई के मूल निवासियों, कोली समुदाय और पानी के तत्व को श्रद्धांजलि है जो सात द्वीपों के शहर मुंबई का सार बनाता है। टीम ने आगामी सीज़न के लिए कप्तान और उप-कप्तानों की घोषणा भी की। सुरिंदर सिंह कमान संभालेंगे जबकि, रिंकू शर्मा और महेंद्र सिंह उनके डिप्टी होंगे।

## निश्चित तौर पर ऐसा लगता है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज का अवमूल्यन हो गया है : माइकल हसी

**गुवाहाटी:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल हसी का मानना है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज का भारी अवमूल्यन हुआ है, खासकर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के समापन के बाद इसके आयोजन के समय के कारण।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 श्रृंखला अहमदाबाद में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में दोनों टीमों के खेलने के ठीक चार दिन बाद शुरू हुई, जिसे पर्यटकों ने जीता। पिछले साल भी इंग्लैंड के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था, जब उन्होंने 2022 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के ठीक चार दिन बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी वनडे सीरीज़ शुरू की थी। गुवाहाटी में तीसरे टी20 के अंत में, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीता, विश्व कप के छह खिलाड़ी, ट्रैविस हेड को छोड़कर, क्रिस ग्रीन, जोश फिलिप, बेन मैकडरमोट और बेन ड्वारशुइस के साथ स्वदेश लौट आएंगे, जो बाकी रायपुर और बेंगलुरु में दो मैचों के लिए मौजूद रहेंगे। यह विश्व कप को सस्ता नहीं बनाता है लेकिन यह निश्चित रूप से इस श्रृंखला को सस्ता कर देता है। ऐसे कई लोग होंगे जो विश्व कप (दोनों देशों के लिए) में थे, संभवतः उनकी टी20 टीमों में होंगे। वे या तो टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए या बस छुट्टी लेने के लिए घर गए थे। हसी ने एसईएन रेडियो पर कहा, यह आश्चर्यजनक है कि एक कैलेंडर में इतना क्रिकेट खेलने के लिए कितना (क्रिकेट बोर्ड) पैक होता है।

# गुजरात के लिए शुभमन गिल कर चुके रनों की बौछार, तभी मिली है कप्तानी



**नई दिल्ली ।**

रनों की लगातार बौछार करने के कारण ही शुभमन गिल को इतना बढिया मुकाम हो सिल हुआ है कि आज वे हो र्दिक की जगह पर गुजरात टीम की कप्तानी कर रहे हैं। बता दें कि आईपीएल 2022 विजेता गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2024 सीजन से पहले शुभमन गिल को टीम का कप्तान बनाया है। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज गिल ने हार्दिक पांड्या की जगह ली है, जिन्हें मुंबई इंडियंस में ट्रेड किया गया है। आईपीएल 2024 में गुजरात की कप्तानी करना सीनियर पुरुष क्रिकेट में कप्तान के रूप में गिल का पहला सीजन होगा। गिल ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा कि मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है। टीम ने मुझ पर भरोसा दिखाया जिसके लिए मैं फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं।

हमारे पिछले दोनों सीजन शानदार रहे और मैं टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं। जीटी के साथ अपने पहले सीजन में गिल ने 16 मैचों में 34।50 के औसत और 132.33 के स्ट्राइक-रेट से 483 रन बनाए, जिसमें चार अर्धशतक शामिल थे। बता दें कि गिल आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। गिल ने 17 मैचों में 59।33 की औसत और 157।80 के स्ट्राइक-रेट से 890 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और चार अर्द्धशतक शामिल थे। जीटी के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि शुभमन गिल ने पिछले दो वर्षों में दमदार खेल से प्रभावित किया है। हमने उन्हें न केवल एक बल्लेबाज के रूप में बल्कि क्रिकेट में एक लीडर के रूप में भी परिपक्व होते देखा है। मैदान पर उनके योगदान ने गुजरात टाइटंस को एक मजबूत ताकत के रूप में उभरने में मदद की है। जिसने 2022 में एक सफल अभियान और 2023 में एक मजबूत प्रदर्शन के माध्यम से टीम का मार्गदर्शन किया है। उनकी परिपक्वता और कौशल उनके ऑन-फील्ड प्रदर्शन में पूरी तरह से स्पष्ट है।

## तेंदुलकर की मानें तो विराट कोहली 2027 का भी वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे

**-35 साल के कोहली 50 शतक पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने**

**नई दिल्ली ।**

विराट कोहली के खेल को देखते हुए उन्हें 2027 का वर्ल्ड कप भी खेलना चो हिए। पूर्व भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने कुछ इसी तरह के संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि विराट ने वर्ल्ड कप 2023 में कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 3 शतक के दम पर 700 से अधिक रन बनाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। वे वर्ल्ड कप के एक सीजन में 700 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। हालांकि वर्ल्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया से 6 विकेट से हार मिली। कोहली भले ही 35 साल के हो गए हैं। ले किन उन्हें 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में खेलना चो हिए। सचिन तेंदुलकर ने कोहली के 50वें शतक के बाद बड़ी बात कही है। जाहिर है कि पूर्व भारतीय कप्तान कोहली वनडे क्रिकेट में 50 शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं। सचिन ने 49 शतक लगाए हैं। सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मैं विराट कोहली को तब से जानता हूं, जब वे टीम इंडिया में नहीं आए थे। मैं बहुत खुश हूं कि विराट कोहली के 50 शतक पूरे हो गए हैं। अभी उनका खेल रूकना नहीं चाहिए। उनमें बहुत क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली में अभी भी शतक और रनों की भूख है। अभी और भी उनके लिए शतक आने हैं। शतकों का रिकॉर्ड भारत में ही रहा, यह भी मेरे लिए खुशी की बात है। मालूम हो कि विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ चुके हैं। टेस्ट में उन्होंने 29 तो टी20 में एक शतक जड़ा है।विराट कोहली दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं। ऐसे में 2027 का वर्ल्ड कप खेलना उनके लिए मुश्किल नहीं दिखता। वर्ल्ड कप 2023 के बाद कोहली और कप्तान रोहित शर्मा सहित सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से टी20 सीरीज खेल रही है। अगले महीने भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका का दौरा करना है।

## गनेमत और अनंतजीत ने पहली बार राष्ट्रीय खिताब जीता

**नई दिल्ली,**

भारत की स्कीट निशानेबाज गनेमत सेखों और अनंतजीत सिंह नरुका ने बुधवार को यहां कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पहला व्यक्तिगत सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीतकर अपनी उपलब्धि में एक और नगीना जोड़ लिया। शॉटगन स्पर्धाओं के लिए 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में प्रतिस्पर्धा करते हुए, पंजाब की गनेमत और राजस्थान के अनंतजीत ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीतने के लिए विपरीत राह अपनाई। गनेमत ने क्वालीफिकेशन में 116 से नीचे का स्कोर बनाया और 60-शॉट फाइनल जीतने के लिए 56 लक्ष्यों को हासिल करने से पहले, चार अंतिम क्वालीफाइंग स्थानों के लिए पांच-तरफा शूट-ऑफ से गुजरना पड़ा। क्वालीफायर लीडर ज़हरा दीसावाला 55 हिट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि संजना सूद 44 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की स्कीट में अनंतजीत ने एक अलग स्तर पर शॉट लगाया और जीत हासिल करने के लिए एक स्तंभ दर्ज किया। उन्होंने क्वालीफायर में 125 में से 123 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। मैदान में उनका अगला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 था। छह खिलाड़ियों के फाइनल में, उन्होंने 60 में से 58 निशाने लगाए और रजत जीतने वाले मुनेक बटुला को 55 के स्कोर से काफी पीछे छोड़ दिया। भवतेग गिल ने कांस्य



पदक जीता। पहले 50 लक्ष्यों में से 45 पर निशाना साधा। इस साल की शुरुआत में, गनेमत ने आईएसएसएफ विश्व कप में एक स्वर्ण और रजत सहित दो पदक जीते, जबकि अनंतजीत ने हांगझोउ में पुरुषों की स्कीट में एशियाई खेलों में रजत पदक जीता।



## जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के फाइनल में ओडिशा और सेल हॉकी की भिड़ंत

**कोविलपट्टी :**

ओडिशा और सेल हॉकी अकादमी पहली हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 (जोन बी) के 10वें दिन अपने-अपने सेमीफाइनल मैचों में विजयी रहे। जूनियर पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने बरार हॉकी अकादमी (विदर्भ) अमरावती को 12-0 से हराया। सुरेश शर्मा (5, 23, 50, 59) ने चार गोल किए जबकि मुंडा सतीश (22, 26, 53) और इरेंगबम रोहित सिंह (17, 28, 35) ने हैट्रिक बनाई। हरीश सिंह लीतानथेम (27) और सिलहेइबा लिशम (38) ने एक-एक गोल करके फाइनल में अपना टिकट पक्का कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल में सेल हॉकी अकादमी ने हुबली हॉकी अकादमी को 10-1 से हराया। अमित (2, 13, 57) और मोहन कृष्णा (18, 38, 46) ने एक-एक हैट्रिक जमाई। वहीं, करण लाकड़ा (11, 42) ने दो गोल किए जबकि नबीन लाकड़ा (15) और माझी अंकित (60) ने सेल हॉकी अकादमी के लिए एक-एक गोल का योगदान दिया। तीसरे क्वार्टर में हुबली हॉकी अकादमी के लिए राजू मनोज गायकवाड़ (39) ने एकमात्र गोल किया और सेल हॉकी अकादमी ने इस शानदार जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर फाइनल में सेल हॉकी अकादमी से भिड़ेगा जबकि बरार हॉकी अकादमी (विदर्भ) अमरावती गुरुवार को तीसरे/चौथे स्थान के मैच में हुबली हॉकी अकादमी से खेलेगी।

## अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं को भारत में प्रसारित किया जाना चाहिए : नीरज चोपड़ा

**बेंगलुरु।**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने बुधवार को ट्रैक और फील्ड को और अधिक आकर्षक बनाने पर जोर दिया और भारतीय अधिकारियों से इसे भारतीय प्रशंसकों के लिए जेब के अनुकूल बनाने के लिए कहा। आरसीबी इनोवेशन लैब की लीडर्स मीट में वैश्विक खेल नेताओं की सभा को संबोधित करते हुए, नीरज ने भारतीय दर्शकों के बीच ट्रैक और फील्ड की लोकप्रियता को प्रभावित करने वाली बाधाओं पर अपने विचार साझा किए। नीरज ने कहा, सबसे पहले, मुझे लगता है कि जिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हम प्रतिस्पर्धा करते हैं जैसे डायमंड लीग, कॉन्टिनेंटल टूर्स और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, उन्हें भारत में प्रसारित किया जाना चाहिए। वर्तमान में, हमें केवल हाइलाइट्स देखने को मिलते हैं, हालांकि लोग एथलेटिक्स देखना चाहते हैं, वे रात में 1-2 बजे तक जागते हैं, और एथलीट के खेलने का इंतजार करते हैं, लेकिन देखने में सक्षम नहीं होने के बाद उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। नीरज का यह भी मानना है कि खेल ज्ञान और जागरूकता के लिए भारतीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं को टेलीविजन पर प्रसारित किया जाना चाहिए। टीवी पर एथलेटिक्स स्पर्धाओं के प्रसारण से अधिक लोग उन प्रतियोगिताओं को देखना, समझना और उनके बारे में जागरूकता बढ़ाना शुरू कर सकेंगे जिनमें हम प्रतिस्पर्धा करते हैं। हरियाणा में जन्मे एथलीट के लिए अब तक का साल असाधारण रहा है, उन्होंने इस साल एशियाई खेल 2022 और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीता है, और उनसे अगले साल पेरिस ओलंपिक में अपनी टोक्यो ओलंपिक की सफलता को दोहराने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का खेल पारिस्थितिकी तंत्र कितना विकसित हुआ है और भारत में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी कैसे एथलेटिक्स के लिए गेम-चेंजर हो सकती है। प्रशंसकों की भावनाओं को दोहराते हुए, टोक्यो स्वर्ण पदक विजेता ने कहा, अगर केन्या और ग्रेनेडा जैसे देश नियमित रूप से विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर सकते हैं, तो भारत में भी ऐसा करने की काफी क्षमता है। जब भी मैं विश्व एथलेटिक्स संगठन के लोगों से मिलता हूं तो वे भारत में इस तरह के टूर्नामेंट की मेजबानी करने में रुचि व्यक्त करते हैं, मुझे उम्मीद है कि अगर भारत ऐसे प्रतिस्पर्धी आयोजनों की मेजबानी कर सकता है तो अधिक लोग व्यक्तिगत रूप से ऐसी चैंपियनशिप देख सकते हैं और प्रेरित हो सकते हैं।

25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने जीवन के सबसे यादगार पलों को याद किया। उन्होंने पोलैंड में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में जूनियर विश्व रिकॉर्ड थ्रो का जिक्र किया,



जिसके बाद टोक्यो ओलंपिक हुआ, जो उनके करियर के मुख्य आकर्षण के रूप में उनके लिए जीवन बदलने वाला क्षण था।

## 9 जनवरी से ओडिशा में शुरू होगा कलिंगा सुपर कप

**नई दिल्ली।**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को घोषणा की कि कलिंगा सुपर कप का आयोजन 9 जनवरी 2024 से ओडिशा में किया जाएगा। टूर्नामेंट के मैच ओडिशा में दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित करने की योजना है। इंडियन सुपर लीग और आई-लीग दोनों टीमों को वार्षिक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।टूर्नामेंट के प्रारूप में चार-चार टीमों के चार समूह होंगे, जो आपस में सिंगल लेग मैच खेलेंगे। ग्रुप विजेता सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे, जिसके बाद 28 जनवरी, 2024 को फाइनल खेला जाएगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, हमने पहले जो निर्णय लिया था। उसके अनुसार वार्षिक सुपर कप टूर्नामेंट अब बड़े और व्यापक परिप्रेक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट अब कलिंगा सुपर कप के नाम से जाना जाएगा और जनवरी 2024 में ओडिशा में खेला जाएगा। यह भारतीय घरेलू फुटबॉल के लिए एक सकारात्मक विकास है। मुझे विश्वास है कि कलिंगा सुपर कप आयोजन और दर्शकों की रुचि दोनों के मामले में बहुत हिट होगा। आई-लीग टीमें कलिंगा सुपर कप के ग्रुप चरण में पहुंचने के लिए क्वालीफायर



खेलेगी जहां ग्रुप चरण में उनके लिए चार स्थान आरक्षित किए गए हैं। कलिंगा सुपर कप के चैंपियंस को एएफसी 2023-24 सीज़न के एसीएल 2 प्रारंभिक चरण में खेलने के लिए नामांकित किया जाएगा।

## मैक्सवेल की तकनीक को देखकर दंग रह जाता हूं: आर श्रीधर

**गुवाहाटी।** भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर तीसरे टी20 मैच में ग्लेन मैक्सवेल की 47 गेंद में खेली गई शतकीय पारी से हैरान हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर पांच विकेट से जीत हासिल की। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में मैक्सवेल ने नाबाद 104 रन बनाए जिसमें उनका शतक केवल 47 गेंदों में आया। इस तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। आर श्रीधर ने कहा, आप मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी से ही इस तरह की पारी की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि ऋतुराज की पारी और जेसन बेहरनडॉर्फ के 4 ओवर में (1/12) अन्य शानदार प्रदर्शन थे लेकिन मैक्सवेल की पारी ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। पूर्व फील्डिंग कोच ने कहा, उसे यह विश्वास है कि जब वह बल्लेबाजी करने जाता है तो वह हर समय ऐसा ही कुछ करेगा। मैक्सवेल अपने बल्ले की स्विंग के माध्यम से जिस तरह की शक्ति उत्पन्न करते हैं वह काफी आश्चर्यजनक है। हर बार जब मैं उनकी तकनीक को देखता हूं तो मुझे आश्चर्य होता है। आर श्रीधर ने भारत के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की भी प्रशंसा की, जो 123 रन पर नाबाद रहे । दाएं हाथ के बल्लेबाज की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं थी। लेकिन जिस तरह से उन्होंने क्रीज पर जमने के बाद अपना अंदाज बदला वो सराहनीय है।



## स्किन से करती हैं प्यार तो इन फूड्स को कहें ना



क्या आपको लगातार स्किन केयर प्रोडक्ट्स लगाने से भी लाभ नहीं मिल रहा है,? क्या आप लगातार कील-मुंहासों व अन्य स्किन प्रॉब्लम्स से जूझ रही हैं? क्या एक अच्छा स्किन केयर रूटीन भी आपकी स्किन को ग्लोइंग नहीं बना रहा है? क्या आप बार-बार अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स बदल-बदलकर थक चुकी हैं? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां है, तो हो सकता है कि आप अपने आहार पर ध्यान ना दे रही हों। आपको शायद पता ना हो, लेकिन आपका खान-पान सिर्फ आपकी सेहत ही नहीं, बल्कि स्किन को भी प्रभावित कर सकता है।

**प्रोसेस्ड मीट**

प्रोसेस्ड मीट जैसे बेकन या हॉटडॉग में नाइट्रेट और सोडियम काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है। यह दोनों ही स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नाइट्रेट आपकी स्किन में सूजन और झुर्रियों की वजह बन सकता है, वहीं सोडियम की अधिकता स्किन को समय से पहले बूढ़ा और रूखा बना सकती है।

**गाय के दूध से बने डेयरी उत्पाद**

यूं तो डेयरी प्रोडक्ट को सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन गाय के दूध से बने डेयरी प्रोडक्ट्स आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गाय का दूध और गाय के दूध से बने अन्य डेयरी उत्पाद इंसुलिन के स्तर को बढ़ाते हैं। जो कोर्टिसोल के स्तर को बढ़ाता है और सीबम उत्पादन को क्रैंक करता है। जिससे आपको स्किन में एक्ने व ब्रेकआउट्स की समस्या हो सकती है।

**कैफीन**

अधिकतर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय या कॉफी से करते हैं। लेकिन कैफीन की अधिकता स्किन के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। इससे आपकी स्किन पर फाइन लाइन्स व झुर्रियां नजर आ सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कैफीन आपकी त्वचा को निर्जलित कर सकता है। जिससे आपकी स्किन अधिक थिन हो सकती है और उसमें रिंकल्स नजर आ सकते हैं।

## सेंसिटिव स्किन के लिए प्रिटी फेस रेजर

क्या आपकी त्वचा पर अक्सर लालगी और रैशेज हो जाते हैं, तो हो सकता है कि आपकी त्वचा बेहद सेंसिटिव हो। ऐसी त्वचा की देखभाल करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में आपको चेहरे के अनचाहे बाल निकालने के लिए सुरक्षित और माइल्ड तरीका अपनाना चाहिए। आपकी इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए जापान के प्रमुख रेज़र एवं ब्यूटी टूल्स के ब्राण्ड काई लेकर आएं हैं, प्रिटी फेस रेज़र, जिन्हें खासतौर पर लड़कियों की सेंसिटिव त्वचा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इस रेज़र के साथ आपको चेहरे के अनचाहे बालों की निकालने की चिंता बिल्कुल नहीं सताएगी। काई प्रिटी फेस रेज़र में परफेक्ट साइज़ का शेविंग हैड है, जिससे आपके चेहरे के हर कोने को ग्रूम करना बेहद आसान हो जाता है। इसके इस्तेमाल के दौरान त्वचा कटने या जलन की संभावना नहीं होती और बड़ी ही आसानी से आपकी त्वचा एकदम स्मूद हो जाती है। इसके इस्तेमाल के बाद आपको त्वचा पर लालगी, रैश आदि की कोई समस्या नहीं होगी। इतना हीं नहीं पॉलीप्रोपाइलीन से बना इसका कुशन्ड हैंडल बेहतरीन ग्रिप देता है, जिससे रेज़र आपकी त्वचा पर आसानी से चलता है। आप चेहरे के सबसे मुश्किल हिस्सों के बाल भी आसानी से निकाल सकती है, यहां तक कि आप अपनी आईब्रोज़ को भी ग्रूम कर सकती हैं।

इस अवसर पर राजेश यू. पंड्या, मैनेजिंग डायरेक्टर, काई इंडिया ने कहा, 'लड़कियों की सेंसिटिव त्वचा को ध्यान में रखते हुए ये रेज़र डिज़ाइन किए गए हैं, जो हर तरह की त्वचा पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं। बहुत सी महिलाओं की त्वचा सेंसिटिव होती है और उनके चेहरे पर सख्त काले बाले होते हैं, इन बालों को निकालने के लिए वे जो तरीके अपनाती हैं, उनमें समय लगता है, और अक्सर दर्द भी होता है। हम आज की शहरी महिलाओं के लिए यह नया प्रोडक्ट प्रिटी फेस रेज़र लेकर आए हैं, इसके मदद से आप जब चाहें अपने चेहरे के अनचाहे बाहों को आसानी से निकाल सकती हैं और उनकी सेंसिटिव त्वचा को कोई नुकसान नहीं होगा।'

# एवरग्रीन ब्यूटी कैसे हासिल करें

**बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा 69 साल की उम्र में भी अपने से छोटी उम्र की अदाकाराओं को टक्कर देती हैं। रेखा अपने स्टाइल से हर पार्टी में चार चांद लगा देती हैं। हर कोई उनको फॉलो करना चाहता है। रेखा को साड़ियों का काफी शौक है जिसका अंदाजा उनके लुक्स से लगाया जा सकता है। कुछ लोग साड़ी पहनने के बाद एक्ट्रेस की तरह ही खुद को स्टाइल करना चाहते हैं। ऐसे में यहां कुछ टिप्स दिए हैं जिनकी मदद से आप खुद को रेखा की तरह स्टाइल की जा सकती हैं।**

### गोल्डन गर्ल

कांजीवरम साड़ी का हमारे संस्कृति में काफी विशेष महत्व है। ये हमारी परंपरा को आगे बढ़ाता है । बॉलीवुड दिवा की तरह खुद को स्टाइल करने के लिए आप कांजीवरम साड़ी को चुनें। इसमें गोल्ड के किसी भी रंग की साड़ी को चुन सकते हैं।



### बोल्ड मेकअप

एक्ट्रेस का हेयरस्टाइल और मेकअप लोगों को खूब पसंद आता है। उनके मेकअप में लाल लिपस्टिक काफी बोल्ड लगती है। अपने लुक को ग्रेसफुली क्रिएट करने के लिए आप अपने बालों में लाल गुलाब लगा सकते हैं। इसके अलवा आप बालों में गजरा भी लगा सकती हैं।

### जूलरी हमेशा होती है खास

रेखा के लुक में जूलरी काफी खास होती है। उनके पास हर लुक के लिए हमेशा स्टेटमेंट ज्वैलरी होती है। फिर चाहें वह टेंपल सेट हो या कोई और तरह का चोकर हो। एक्ट्रेस के लुक में मांग टीका हमेशा खास होता है।

### पोटली बैग

रेखा के पोटली बैग उनके लुक का उतना ही खास हिस्सा हैं जितना कि उनकी बेशकीमती रेशम की साड़ियां। ट्रेडिशनल लुक में पोटली बैग काफी अच्छा लगता है।

# रेड वाइन निखारती है आपकी स्किन

**अल्कोहल को सेहत के लिए बेहद ही नुकसानदायक माना जाता है। इससे व्यक्ति को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन यह आपकी स्किन व सेहत की कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं। खासतौर से रेड वाइन को ब्यूटी केयर के लिए काफी अच्छा माना गया है।**



### बेनिफिट्स

रेड वाइन स्किन की खूबसूरती निखारने में बेहद मददगार है। इसमें फ्लेवोनोइड, रेस्वेराट्रोल और टैनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। साथ ही, यह कोलेजन और इलास्टिक फाइबर को रिस्टोर करके स्किन को उम्र बढ़ने से बचाता है। इतना ही नहीं, रेड वाइन में प्राकृतिक एएचए और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं जो आपके पोर्स को क्लीन करके एक्ने को दूर करते हैं, जिससे ब्रेकआउट की समस्या भी दूर होती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

रेड वाइन को स्किन पर अप्लाई करने के लिए आप सबसे पहले इसे कॉटन पैड पर लें और फिर इसे हल्के से चेहरे पर लगाएं। अब आप इसे 20 मिनट तक ऐसे ही रहने दें और फिर माइल्ड क्लींजर से धो लें।

### हेयर बेनिफिट्स

रेड वाइन स्किन के साथ-साथ बालों के लिए भी बेहद लाभदायक है। इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सिडेंट केराटिन के निर्माण में मदद करते हैं। साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट आपको स्वस्थ और चमकदार बाल देने में मददगार है। साथ ही, यह डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करके उन्हें फिर से लाइफ देता है। अगर आप रेड वाइन को हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे हेयर फॉल की समस्या दूर होती है और यह रूसी को भी कम करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

रेड वाइन को हेयर केयर रूटीन में शामिल करना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप बालों को शैम्पू और कंडीशन करने के बाद रेड वाइन की मदद से रिंस करें। इससे आपके बालों में एक गजब की चमक आएगी और कई तरह की हेयर प्रॉब्लम्स दूर होंगी।

## सर्दियों में काम के बाथिंग रूल्स

### हर दिन नहाएं

भले ही बहुत ठंड हो या आप आलसी महसूस कर रहे हों, लेकिन फिर भी हर दिन गर्म पानी से नहाएं। गर्म पानी से नहाने से आपके शरीर पर हाइपरथर्मिक प्रभाव पड़ता है। सर्दियों के दौरान हर दिन नहाना चाहिए, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको ज्यादा नहाना चाहिए, क्योंकि इससे आपकी स्किन ड्राई हो सकती है और इससे सर्दी भी हो सकती है।

### सही तापमान

गर्म पानी है और फिर बहुत गर्म पानी दोनों के बीच का अंतर बहुत मायने रखता है। आपकी स्किन में नेचुरल माइक्रोबायोटा और पीएच लेवल हेल्दी माइक्रोब्स द्वारा बनाए रखा जाता है। गर्म पानी से नहाने से ये हेल्दी माइक्रोब्स नष्ट हो सकते हैं। ऐसा करने पर आपकी स्किन सूख सकती है, खुजली और चकत्ते हो सकते हैं और यहां तक कि आपकी स्किन में दरार भी आ सकती है। इसलिए गुनगुने पानी या थोड़े गर्म पानी से ही नहाएं।

### मॉइश्चराइज

सर्दियों के दौरान स्किन को मॉइस्चराइज करना बेहद जरूरी है। एक अच्छा मॉइस्चराइजर लें और सुनिश्चित करें कि नहाने के तुरंत बाद इसे लगाएं। सर्दियों के दौरान आप ग्लिसरीन लगा सकते हैं। ये आपकी त्वचा में नमी को लॉक करता है। चाहें तो घी, जैतून का तेल, नारियल का तेल भी लगा सकते हैं।

### स्क्रब न करें

सर्दियों के दौरान आपकी स्किन ड्राई और सेंसेटिव हो जाती है, ऐसे में नहाते समय लूफा से बहुत जोर से स्क्रब न करें। यहां तक कि आपकी स्किन को बहुत ज्यादा कस के सुखाने से भी बचें।



## स्पेशल फेस पैक से मेकअप के बाद भी खराब नहीं होगी स्किन

स्किन का अगर सही तरह से ख्याल न रखा जाए तो ये धीरे-धीरे खराब होने लगती है। खासकर तब जब आप रोजाना मेकअप करते हैं। मेकअप के बाद स्किन को स्पेशल केयर की जरूरत होती है, ताकी चेहरे की चमक बनी रहे। ऐसे में आप घर के बने फेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर स्किन खूबसूरत बनी रहेगी।

### इस घरेलू फेस पैक का करें इस्तेमाल

घंटों मेकअप के बाद स्किन को केयर की जरूरत होती है। ऐसे में आप हल्दी और शहद मिक्स कर फेस मास्क बना सकती हैं। इस फेस पैक को महीने में एक बार अप्लाई करें। हल्दी और शहद दोनों ही स्किन के लिए काफी अच्छे होते हैं। ये चीजें स्किन को काफी हद तक ग्लोइंग बना देती हैं।

### इस फेस पैक से चमकाएं चेहरा

अच्छी स्किन के लिए आपको थोड़े बहुत एफर्ट तो करने ही पड़ते हैं। अगर आप बहुत ज्यादा मेकअप करती हैं या फिर आपकी स्किन पर घंटों मेकअप रहता है तो आप क्ले मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं।



ये स्किन से सभी तरह की इम्प्योरिटी को खत्म करने में मदद करते हैं। आप घर में भी क्ले मास्क बना सकते हैं। स्किन को खूबसूरत बनाए रखने के लिए हफ्ते में अलग-अलग तरह के क्ले मास्क ट्राई किए जा सकते हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

स्किन को खूबसूरत और फ्लॉलेस बनाए रखने के लिए आपको कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए जैसे दिन भर में खूब सारा पानी पीना। अगर आप दिन भर में खूब पानी पीते हैं तो स्किन पर एक अलग चमक देखने को मिलेगी। इसी के साथ अपने खाने-पीने के शेड्यूल पर ध्यान दें और सबसे जरूरी ये की क्या खा रहे हैं इस पर नजर रखें। अपने रोजाना के रूटीन में बेसिक स्किन केयर को फॉलो करें।

# नाखूनों को हेल्दी बनाने के उपाय

**आज के समय में महिलाएं अपने नेल्स को आकर्षक बनाने के लिए जेल मेनीक्योर से लेकर नेल एक्सटेंशन का सहारा लेती हैं। इसके कारण कुछ समय के लिए नेल्स भले ही खूबसूरत लगे, लेकिन इसके कारण आपके नेल्स कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में जरूरत होती है कि आप अपने नेल्स को अतिरिक्त ख्याल रखें। नेल्स को हेल्दी बनाए रखने के लिए उनकी केयर करनी बेहद जरूरी होती है।**





### पपीते का कमाल

पपीते में एंजाइम होते हैं, जो प्रोटीन टिश्यू को साफ्ट बनाते हैं और इसलिए यह क्यूटिकल्स के लिए लाभदायक है। स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि बस आप पपीते को मैश करके इसमें नींबू का रस और विनेगर मिक्स करें। अपने नाखूनों को इस मिश्रण में कम से कम 20 मिनट के लिए भिगोएं और फिर अपने नेल्स और आसपास की त्वचा की मालिश करें। इस उपचार को प्रभावी परिणाम के लिए कम से कम सात दिनों तक इस उपाय को अपनाएं।

### गुलाब जल

नेल केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि गुलाब जल में एंटी-सेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल व एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं, जिसके कारण यह नाखूनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह नाखूनों के अंदरूनी भाग को साफ करता है और इसे हर समय पोषण और नमी युक्त रखता है। बस अआपको केवल अपनी उंगलियों को अच्छी तरह से साफ करने के बाद नियमित रूप से उपयोग करने की आवश्यकता है। फिर आपको कुछ ही दिनों में हेल्दी नेल्स मिलेंगे।

### लहसुन

लहसुन आपके कमजोर नाखूनों को मजबूती देने में काफी मदद करता है। इस घरेलू उपाय को अपनाने वाली महिलाओं का कहना है कि आप लहसुन को कई विभिन्न तरीकों से अपने नाखूनों पर इस्तेमाल कर सकती हैं। मसलन, आप लहसुन को दो हिस्सों में काटकर उसे नाखूनों के अंदरूनी भाग पर रगड़कर लगाएं। इसके अलावा, आप एक लहसुन की फली भी काट सकती हैं और उसमें से रस निकालकर इसका इस्तेमाल नेल हार्डनर के रूप में करें।

### विनेगर आएगा काम

अगर आप अपने क्यूटिकल्स को सॉफ्ट बनाना चाहती हैं तो ऐसे में विनेगर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए पहले आप अनानास का टुकड़ा लेकर उसे अच्छी तरह मैश करें।

इसके बाद इसमें सिरका मिलाएं। अब अपने नेल्स को क्यूटिकल्स तक इस मिश्रण में डुबोएं और फिर अपने नेल्स की मालिश करें।





# सऊदी अरब में सम्मानित होंगे रणवीर सिंह, रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बुलाया गया

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह को साऊदी अरब में होने वाले रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया जाएगा। 30 नवंबर से 9 दिसंबर तक चलने वाले इस फिल्म फेस्टिवल में लोकल और इंटरनेशनल फिल्ममेकिंग टैलेंट्स को सेलिब्रेट किया जाएगा। इवेंट में रणवीर के अलावा जर्मन एक्ट्रेस डायने क्रूगर और वेटरन साऊदी राइटर-एक्टर अब्दुल्ला अल-सधान का भी सम्मान किया जाएगा। वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, रेड सी फिल्म फाउंडेशन के मोहम्मद-अल-तुर्की ने कहा, 'इस साल हम हिंदी सिनेमा के आइकॉन रणवीर सिंह का सम्मान करेंगे। इसके अलावा हम हेलेन और टैरेंटो जैसे किरदार देने वाली जर्मन एक्ट्रेस डायने क्रूगर का भी सम्मान करेंगे।'

### ज्यूरी में शामिल होंगे फीडा पिंटो

फेस्टिवल में ज्यूरी के तौर पर एल्विस डायरेक्टर बाज लुहरमन, जोएल किन्नामन, फीडा पिंटो, अमीना खलील और पैज वेगा जैसे सेलेब्स मौजूद रहेंगे।

### इन दिनों कर रहे 'सिंघम अगेन' की शूटिंग

वर्क फ्रंट पर रणवीर इन दिनों रोहित शेट् ?टी के कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग कर रहे हैं। इसमें उनकी वाइफ दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। इसके अलावा रणवीर के पास फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' भी है। चर्चा है कि वो संजय लीला भंसाली के साथ 'बैजू बावरा' भी करने वाले हैं।



# रानी को 'लगान' न करने का अफसोस

बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी हाल ही में गोवा में चल रहे 54वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के मंच पर पहुंचीं। यहां रानी ने कहा कि आमिर खान स्टारर 'लगान' एकमात्र ऐसी फिल्म है जिसका हिस्सा ना बन पाने का उन्हें मलाल है। एक इंट्रेक्टिव सेशन के दौरान रानी ने बताया कि उन्होंने पहले से ही एक फिल्म साइन की हुई थी जिसकी 20 दिनों की शूटिंग बाकी थी। इस फिल्म के चलते वो 'लगान' का हिस्सा नहीं बन पाईं। 2001 में रिलीज हुई लगान साल की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इसका क्लैश सनी देओल स्टारर 'गदर- एक प्रेम कथा' से हुआ था।

### आमिर चाहते थे सभी एक्टर्स सेट पर साथ रहें

इवेंट में रानी ने कहा, 'एकमात्र फिल्म जिसका हिस्सा ना बन पाने का मुझे अफसोस है, वो है आमिर खान की 'लगान'। मैं उस समय एक दूसरी फिल्म कर रही थी जिससे लगान की डेट्स क्लैश हो रही थी। वहीं आमिर इस फिल्म से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू कर रहे थे। उन्होंने मुझसे कहा कि वो इस फिल्म को कुछ अलग तरीके से शूट कर रहे हैं। वो चाहते थे कि उनके सारे एक्टर्स 6 महीने तक एक ही जगह पर बने रहें।' रानी ने आगे कहा, 'चूंकि मैं पहले से ही एक फिल्म पर काम कर रही थी तो पूरा टाइम लगान को नहीं दे सकती थी। आमिर का कहना था कि वो मुझे बीच में दूसरी फिल्म के लिए नहीं जाने दे सकते वर्ना दूसरे कलाकारों को अच्छा नहीं लगेगा। आमिर से बात करने के बाद मैंने दूसरी फिल्म के प्रोड्यूसर से भी पूछा कि क्या मैं इस फिल्म को छोड़ सकती हूं ? क्योंकि आमिर मेरे करीबी दोस्त हैं और मुझे उनकी फिल्म का हिस्सा बनना है पर उस प्रोड्यूसर ने भी मुझे जाने से मना कर दिया।' फिल्म लगान 2001 में रिलीज हुई थी। आशुतोष गोवारिकर निर्देशित इस फिल्म में आमिर खान ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई थी। इसने इंटरनेशनल मार्केट में भी काफी नाम कमाया था।



# फिल्म कड़क सिंह के किरदार के लिए उत्साहित हैं संजना

बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी की फिल्म कड़क सिंह का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म का ट्रेलर आरएफएफआई गोवा में लॉन्च किया गया था। ट्रेलर में दिखाए गए रहस्य ने प्रशंसकों को हैरान कर दिया है। फिल्म में संजना सांघी भी हैं और आज उन्होंने अपने किरदार साक्षी का परिचय अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दिया। उन्होंने अपने किरदार का एक पोस्टर जारी किया। संजना ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, आज इस पोस्टर को आप सभी के साथ साझा करना बिल्कुल अवास्तविक लग रहा है। जिस समय निर्माताओं ने मुझे साक्षी और कड़क सिंह की दुनिया के बारे में बताया तो मुझे अटूट विश्वास था कि मैं उसे जीवंत कर पाऊंगी और तुरंत ऐसा महसूस हुआ जैसे कड़क सिंह एक यात्रा बनने जा रही है। वह मेरे भीतर कुछ बदलाव लाने वाला था। मैं आप सभी से उसकी और हमारी दुनिया से मुलाकात का इंतजार नहीं कर सकती। कड़क सिंह एक ऐसे पिता की कहानी है, जो अपनी बेटी को भूल जाता है। वहीं बात करें फिल्म की रिलीज के बारे में तो फिल्म में पंकज त्रिपाठी की फिल्म आठ दिसंबर 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी।

# एनिमल के लिए बॉबी देओल ने 4 महीने ट्रेनिंग की

फिल्म एनिमल में बॉबी का इंटेस लुक देखने को मिलेगा। इस रोल के लिए उन्होंने 4 महीने तक जबरदस्त ट्रेनिंग की है। इस दौरान उन्होंने मिठाइयों से भी दूरी बना ली थी। डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की डिमांड थी कि बॉबी फिल्म में रणबीर कपूर की तुलना में ज्यादा ताकतवर दिखें। इस लुक को परफेक्ट तरीके से ढालने में उनके पर्सनल ट्रेनर प्रज्वल शेट्टी ने बॉबी की बहुत मदद की थी। प्रज्वल ने ही एक इंटरव्यू में बताया है कि इंटेस लुक के लिए बॉबी ने स्ट्रीक्ट डाइट फॉलो किया था ताकि उनका वजन 85 से 90 किलो तक बना रहे। प्रज्वल ने कहा- जिस तरह से सोशल मीडिया पर बॉबी सर की बॉडी और लुक्स की चर्चा हो रही है, उससे मैं खुश हूं। मैं रेस 3 के बाद से ही उन्हें ट्रेनिंग दे रहा हूं। मैं पिछले छह साल से उनके साथ हूं। फिल्म एनिमल के लिए मुझे चार महीने का समय दिया गया था। डायरेक्टर चाहते थे कि हम इन चार महीनों में बॉबी सर को विलेन वाला लुक दें। यकीन मानिए, हम दोनों ने इस लुक के लिए उन चार महीनों में बहुत मेहनत की है। प्रज्वल ने आगे बताया कि डायरेक्टर ने मुझे पहले ही बताया था कि इस फिल्म में बॉबी सर को रणबीर कपूर की तुलना में ताकतवर दिखना है। बॉबी सर को अधिक हट्टा-कट्टा दिखाने की जरूरत थी। इसके लिए हमने कड़ी मेहनत की। हमने ये कोशिश की उनकी बॉडी में फैट पर्सेंट 12 तक घट जाए और वजन 85-90 किलो तक बना रहेगा।

### 4 महीने स्ट्रीक्ट डाइट फॉलो किया, मिठाई से भी दूर रहे

प्रज्वल ने बॉबी के स्ट्रीक्ट डाइट को भी लेकर बात की। उन्होंने कहा- बॉबी सर सुबह उठते ही अंडे खाते थे। उन्होंने कार्बोहाइड्रेट के लिए अपने खाने में दलिया और चिकन-चावल को शामिल किया था। फिर शाम को वे सलाद और रात को वे आमतौर पर चिकन या मछली खाते थे। ये डाइट उन्होंने 4 महीने तक फालो किया था। वे पंजाबी हैं, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि वे खाने के शौकीन नहीं हैं। इस कारण बड़ी आसानी से ये डाइट और रूटीन को फॉलो कर लिया। हालांकि उन्हें मिठाइयां बहुत पसंद हैं पर इन 4 महीने मिठाइयों से भी दूर रहे।

### 'बॉबी के ट्रांसफॉर्मेशन से खुश थे डायरेक्टर

डायरेक्टर बॉबी सर के ट्रांसफॉर्मेशन से बहुत खुश हुए थे। फिल्म की आखिरी सीन की शूटिंग के दिन उन्होंने मुझसे कहा था- तुमने बॉबी की बॉडी पर बढ़िया काम किया है। मैं जैसा चाहता था, तुमने उनके लुक को बिल्कुल उसी तरह से ढाल दिया है।

### फिल्म एनिमल में बॉबी का एक भी डायलॉग नहीं

फिल्म एनिमल में बॉबी देओल को विलेन के रोल में देखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि फिल्म में बॉबी का कैरेक्टर बहुत ही यूनिक है। फिल्म में उनका एक भी डायलॉग नहीं है। बॉबी का ऐसा रोल फैंस के लिए किसी सरप्राइज पैकेज से कम नहीं है।

# रिश्तों पर युवाओं को कोई सलाह नहीं देना चाहतीं नीना गुप्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री नीना गुप्ता अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। फिल्मों के अलावा नीना अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियां बटोर चुकी हैं। खासकर, वे अब तक अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा बटोरती हैं। अब हाल ही में दिए इंटरव्यू में अभिनेत्री से रिलेशनशिप को लेकर सलाह मांगी गई, लेकिन इस बारे में कोई भी सलाह देने से नीना ने इनकार कर दिया। नीना ने कहा, मैं रिश्ते पर सलाह देने वाली गलत इंसान हूं। मैंने हमेशा गलत लोगों को डेट किया है। कृपया मुझसे मत पूछें, क्योंकि मैं बहुत ही बेवकूफी भरा और बुरा जवाब दूंगी। नीना ने अपनी बेटी, डिजाइनर-अभिनेत्री मसाबा गुप्ता की पहली शादी के समय की गई गलती भी कबूल की। मसाबा की शुरुआत में फिल्म निर्माता मधु मंटेना से शादी हुई थी। नीना ने कहा कि मसाबा शुरू में शादी नहीं करना चाहती थीं। मसाबा उनके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहना चाहती थीं। हालांकि, नीना ने शादी पर जोर दिया जो एक गलती साबित हुई और वह टूट गई। मसाबा नीना और वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर विव रिचर्ड्स की बेटी हैं। नीना ने चार्टर्ड अकाउंटेंट विवेक मेहरा से शादी की है। इससे पहले नीना ने कहा था कि एक आदमी और औरत के बीच कोई प्यार नहीं होता। नीना गुप्ता ने कहा कि उन्हें एकमात्र प्यार अपनी बेटी मसाबा के लिए महसूस हुआ है। वे इस बारे में नहीं बता सकतीं कि बाकी लोगों को कैसा लगा होगा। वे प्यार के बारे में कुछ नहीं समझती हैं। इसके अलावा नीना ने नारीवाद पर भी अपनी राय सामने रखी थी।

# जो चर्चा में रहता है, उसे काम मिलता है

अभिनय की दुनिया में रिद्धि डोगरा चिर-परिचित नाम बन चुकी हैं। कई टीवी शो में काम करने के बाद असुर और द मैरिड वुमन जैसी ओटीटी सीरीज से उन्होंने दर्शकों के बीच अच्छी जगह बनाई। यह साल उनके करियर के लिए और भी शानदार रहा है। वह शाहरुख खान की जवान और सलमान की टाइगर 3 जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनी हैं। अभिनेत्री अब बड़े किरदार करना चाहती हैं। हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी ये इच्छा जाहिर की है। रिद्धि डोगरा का कहना है कि वह कई बार खुद को साबित कर चुकी हैं। अब उन्हें कुछ बड़े किरदार करने की जरूरत है। एक मीडिया वेबसाइट के साथ हुए इंटरव्यू में रिद्धि ने कहा कि इंडस्ट्री में ऐसे लोगों को कास्ट किए जाने का चलन है, जो हर जगह नजर आते हैं। कुछ लोग प्रतिभाहीन होने के बावजूद हर वक्त खबरों में बने रहते हैं। कोई हर जगह बना है और पैपराजी की नजरों में है, सिर्फ इसी आधार पर इंडस्ट्री के लोग उन्हें कास्ट कर लेते हैं। रिद्धि ने कहा कि इस तरह का कल्चर कोई नया नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें दर्शकों से बेशुमार प्यार मिला है, लेकिन इंडस्ट्री को वह सजग करना चाहती हैं। रिद्धि ने आगे कहा, मैंने अपने आप को बार-बार साबित किया है। मैं यहां किसी की बहन, किसी की बेटी, भांजी और भतीजी नहीं हूं। रिद्धि ने आगे कहा, मैं जितना संभव है, आगे बढ़ने की कोशिश में हूं और बढ़ती रहूंगी।





# एसएस राजामौली करेंगे रणबीर की एनिमल का प्रमोशन

रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल आजकल सुर्खियों में है। फिल्म की स्टारकास्ट भी एनिमल का जमकर प्रमोशन कर रही है। ऐसे में अब ब्लॉकबस्टर फिल्म डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ सुपरस्टार महेश बाबू भी बतौर चीफ गेस्ट इस फिल्म के प्रमोशनल इवेंट में नजर आएंगे। 27 नवंबर यानी आज इस फिल्म का हैदराबाद के मल्ला रेड्डी यूनिवर्सिटी में प्रमोशनल इवेंट रखा गया है। एनिमल की टीम ने हाल ही में बेंगलुरु में भी फिल्म का प्रमोशन किया था। इस इवेंट में रश्मिका को बालों में गजरा लगाए पिंक साड़ी में देखा गया। रणबीर और बॉबी कैजुअल लुक में स्पॉट हुए। फिल्म के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा और प्रोड्यूसर भूषण कुमार भी नजर आए थे। पूरी टीम ने साथ मिलकर रश्मिका का फेवरेट लिली पोज भी दिया। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर इस फिल्म में अनिल कपूर और बॉबी देओल भी नजर आएंगे। अनिल कपूर रणबीर के पिता का किरदार निभाते दिखेंगे। बॉबी देओल फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। यह एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म होगी। फिल्म की कहानी बाप और बेटे के रिश्ते के बैक ड्रॉप पर बेस्ड है। एनिमल एक दिसंबर को थिएटर्स में पांच भाषाओं में रिलीज होगी। ये फिल्म 3 घंटे 21 मिनट की होने वाली है।

# लोक अदालत प्रचार-प्रसार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार व सफल बनाने के लिए मोबाईल वैन को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया गया।




जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अवनीश सक्सैना द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जनसामान्य के मध्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार के लिए प्रचार वाहन एन0पी0सी0एल0 विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।

इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम गौतमबुद्धनगर प्रतीक्षा नागर, अपर जिला जज पोक्सो द्वितीय गौतमबुद्ध नगर चंद्र मोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय तथा एनपीसीएल विभाग की ओर से कपिल शर्मा, मनोज भाटी तथा गलगोटिया विश्व विद्यालय एवं ईशान लॉ कॉलेज के पीएलबी विधि छात्र एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नामित परा विधिक स्वयं सेवक अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण में 3 या अधिक वर्ष से पदों पर डटे कर्मियों पर लटकी तलवार !

## सीईओ ने औचक निरीक्षण में गैरहाजिर कर्मचारियों का वेतन काटने के दिये निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के विभिन्न विभागों में 3 वर्ष या उससे अधिक समय से डटे कर्मचारियों पर तलवार लटक रही है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम ने एसीईओ (कार्मिक) को निर्देश दिये हैं कि ऐसे कर्मचारियों की विभागवार सूची बनाकर उनके समक्ष पेश करें। इस खबर से प्राधिकरण के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

सीईओ ने बुधवार को सेक्टर -6 कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राधिकरण के औद्योगिक, संस्थागत, वाणिज्यिक व भवन विभाग में निरीक्षण किया जहाँ बड़ी संख्या में प्राधिकरण कर्मी गैरहाजिर पाये गये। सी.ई.ओ. ने इस पर गहरी अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री को अनुपस्थित कर्मचारियों, अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

सीईओ ने परिसंपत्ति विभागों द्वारा जारी किए जाने वाले धारा-10 एवं वाणिज्यिक उपयोग के नोटिस का संज्ञान लिया। उन्हें निरंतर विभागीय स्तर पर इनके दुरुपयोग की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इस संबंध में सीईओ ने जारी किए वाले नोटिस संबंधी रिकॉर्ड के बारे में जानकारी चाही कि विभागों द्वारा किस परिसंपत्ति को किस तिथि में नोटिस जारी किए गए हैं। सभी विभाग में इस संबंध में समेकित रिकॉर्ड/ रजिस्टर का अभाव मिला। इस प्रकरणों में संबंधित अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्तर पर भी जानकारी ना होने पर सीईओ ने रोष प्रकट करते हुए निर्देश दिये गये कि सभी परिसंपत्ति विभाग आवंटियों को जारी किए गए धारा-10 एवं वाणिज्यिक उपयोग के नोटिस के रिकॉर्ड पृथक रूप से अनुरक्षित रखें।

डा. लोकेश एम ने वित्त नियंत्रक से नोटिस जारी करने के उपरांत नोटिस वापसी के मद में प्राप्त होनी वाली धनराशि के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त मिक्स्ड लैंड यूज़ के प्रकरणों में आवेदनों के निस्तारण में अनियमितता तथा देरी के संबंध में संबंधित अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भूखंडवार लंबित आवेदनों तथा अध्ययन स्थिति संबंधी आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान औद्योगिक विभाग में कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर दीपक कुमार एवं सारिका गुप्ता, सहायक को विभाग से अन्यत्र स्थानांतरित करने तथा कार्यालय अनुरूप परिधान ना होने पर राजेश गौतम, सहायक को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये गये।

# भाजयुमो ने कैंप लगाकर नये वोट बनवाए

## जारी रहेगा वोटर चेतना अभियान : रामनिवास यादव



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर ने जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में नोएडा में विभिन्न स्थानों पर नव वोटर चेतना अभियान के निमित्त कैंप आयोजित किया। इन कैंपों के माध्यम से युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों ने सभी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नव वोटर रजिस्ट्रेशन किये।





युवा मोर्चा ने सेक्टर-74 केप टाउन नॉर्थ आई के सामने सेक्टर-75 की मार्केट में, राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-39 नोएडा स्टेडियम गेट नंबर 5 के सामने सेक्टर-22 मेट्रो हॉस्पिटल सेक्टर-12 के पीछे मार्केट में, नवादा सेक्टर-62, अप इन्वेंटिव सेक्टर 58,एबीसी बिजनेस आईटी पार्क, रिछपाल गढ़ी, सेक्टर-12 मार्केट सेक्टर-2 डी ब्लॉक पार्क के सामने इत्यादि स्थानों पर नव वोटर चेतन कैंप आयोजित किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री उमेश त्यागी, जिला उपाध्यक्ष गिरिजा सिंह, भाजयुमो मीडिया प्रभारी अर्पित मिश्रा, अनुज प्रधान, विपुल शर्मा, अर्पित मिश्रा, प्रवीण चौहान, तुषार गोयल, नरेंद्र जोगी, सत्यम सिंह भदौरिया, प्रशांत शर्मा, साधना शर्मा, कपिल धारीवाल, कपिल शर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, सूर्या शर्मा, अभिषेक शर्मा, देवेश मिश्रा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भसीन बिल्डर पर प्रशासन का चाबुक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 1.95 करोड़ रूपये की देनदारी अदा न करने पर प्रशासन ने कासना में स्थित बेनिस मॉल में स्थित सिनेमा हाल को सील कर दिया है। यह बेनिस मॉल भसीन इंफ्राट्रेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का है।

## बकाया अदा न करने पर बेनिस मॉल का सिनेमाहाल सील



एसडीएम अंकित कुमार ने बताया कि उक्त बिल्डर यूपी रेरा के 1.95 करोड़ रुपए बकाया है। बिल्डर को काफी बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन उसके बावजूद भी पैसा जमा नहीं किया। अब जिलाधिकारी के आदेश पर ग्रैंड वेनिस मॉल में स्थित सिनेमा हॉल को सील कर दिया है।

बता दें कि दादरी तहसील में अलग अलग बिल्डर पर करीब 500 करोड़ रुपए बकाया है। इसके अलावा सदर तहसील अंतर्गत बिल्डरों पर 100 करोड रुपए बकाया है। जिला प्रशासन अभियान चलाकर अभी तक 178 करोड़ रुपए वसूल चुका है। डीएम मनीष वर्मा इसके पूर्व कइयों पर कार्रवाई कर चुके हैं।

सितंबर 2023 में जिला प्रशासन ने जेपी एसोसिएट का कार्यालय सील किया था। जेपी एसोसिएट पर यूपी रेरा के 35 करोड़ रुपए बकाया था। इसके बाद सुपरटेक लिमिटेड और सन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर को सील किया गया। सुपरटेक पर 33 करोड़ रुपए बकाया है और सन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड पर 182 करोड़ रुपए बकाया था।

# अब अन्य स्रोतों से राजस्व जुटाएगा एनएमआरसी



## एमडी डा. लोकेश एम ने शीर्ष अफसरों के साथ की बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संचालन शुरू होने से लेकर अभी तक लगातार घाटे में चल रही नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) की एक्वा लाइन की माली हालत सुधारने के लिए अब अन्य स्रोतों से राजस्व बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के तहत एक्वा लाइन के सेक्टर-81, 83 व 101 मेट्रो स्टेशन पर आईटी कंपनियों को वर्क स्पेस दिया जाएगा। इन मेट्रो स्टेशनों पर मौजूद कमर्शियल स्पेस का टेंडर जल्द जारी करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. लोकेश एम ने कल सेक्टर-29 स्थित एनएमआरसी के कार्यालय पर विभिन्न अधिकारियों को साथ में बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए की आईटी के साथ अन्य कंपनियों को वर्क स्पेस एनएमआरसी की तरफ से उपलब्ध कराया जाएगा। इसी के तहत मेट्रो स्टेशन पर पॉवर बैंक चार्जिंग सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए संबंधित कंपनियों से आईओ आई मांगी गई है।

सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन पर 1000 वर्ग मीटर क्षेत्र को व्यवसायिक क्षेत्र के तौर पर उपयोग किया जाएगा। अल्फा एक मेट्रो स्टेशन पर व्यावसायिक स्थान को गोदाम के रूप में उपयोग करने के साथ में सेक्टर-142 के मेट्रो स्टेशन की लाइन पर क्योस्क का संचालन शुरू किया जाएगा।

बैठक में मुख्य महाप्रबंधक (तकनीक), महाप्रबंधक परियोजना पंकज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# अब बैंकों के जरिए जमा होंगे बिजली के बिल

**लखनऊ/नोएडा ( चेतना मंच )।** विद्युत उपभोक्ताओं को अब बिल जमा करने के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार ने कई माध्यमों की व्यवस्था कर दी है। इनमें से एक सरकारी गल्ले की दुकान (राशन दुकान) भी है। जहां आप अपना बिजली का बिल जमा कर सकते हैं। अब बैंकों के जरिए भी उपभोक्ता अपना बिजली जमा कर सकेंगे।

नोएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

उत्तर प्रदेश के करोड़ो विद्युत उपभोक्ता बैंकों के माध्यम से बहुत जल्द अपना विद्युत बिल आसानी से जमा कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश की अनेक बड़ी कम्पनियाँ जिसमें राना पे, बी0एल0एस0 इन्टरनेशनल, सहज, वयमटेक तथा सरल के द्वारा भी बिल कलेक्शन एवं जमा करने की सुविधा मिलेगी। उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने में कोई परेशानी न हो, वे आसानी से बैंकों के द्वारा अपना विद्युत बिल जमा कर सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उ0प्र0 पावर कारपोरेशन जल्द यह व्यवस्था शुरू करने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को अभी तक बिल जमा करने की अनेक माध्यमों से सुविधा दे रखी है। जिसमें उपभोक्ता, विभागीय कैश काउन्टर, जन सुविधा केद्र, मीटर रीडर, सस्ते गल्ले की सरकारी दूकान, पैक्स, विद्युत सखी-यूपीएस0आर0एल0एम0 वेब साइट पर इन्टरनेट बैंकिंग क्रेडिट डेबिट कार्ड, तथा मोबाइल एप यूपीपीसीएल कन्ज्यूमर्स के माध्यम आदि शामिल है। अध्यक्ष का कहना है कि हमारा प्रयास है कि उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल मिले और वह आसानी से घर बैठे अपनी सुविधानुसार ऑन लाइन, बैंकों या विभिन्न काउन्टरों पर जाकर अपना बिजली बिल जमाकर सके।

शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# प्राधिकरण के 45 मामले अदालतों में लंबित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के 45 मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन होने के कारण प्राधिकरण की करोड़ों रूपये की धनराशि अटकी पड़ी है। इसको लेकर प्राधिकरण के आला अधिकारी काफी गंभीर हैं।

## करोड़ों रूपये का राजस्व अटका, सीईओ गंभीर

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने निर्देश दिये कि मुख्य विधि सलाहकार के अलावा नामित अधिवक्ताओं को सभी लंबित मामलों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। सीईओ ने कहा कि इन मामलों की अदालतों में प्रभावी पैरवी की जाए तथा प्राधिकरण प्रमुखता से अपना पक्ष रखे ताकि मामलों का शीघ्र निस्तारण हो सके तथा प्राधिकरण का अटका पड़ा करोड़ों रूपये का राजस्व प्राप्त हो सके।

बता दें कि नोएडा प्राधिकरण के एनसीएलटी में 33 मामले, एनसीएएलटी में 7 मामले लंबित चल रहे हैं। इसके अलावा हाईकोर्ट में 5 मामले लंबित चल रहे हैं।

इसको लेकर सीईओ ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ), मुख्य विधि सलाहकार (सीएलए), वित्त नियंत्रक (एफसी) तथा सभी विशेषधिकारी (ओएसडी) के साथ बैठक भी की।




# जनपद में 26 तक चलेगी भारत संकल्प यात्रा: मनीष वर्मा

## जिलाधिकारी ने भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज से आगामी 26 जनवरी तक जनपद के समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन को हरी झंडी देकर रवाना किया।




उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आगामी 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

इसी श्रृंखला में डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से जनपद के शहरी क्षेत्र के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक संचालित रहेगी, जिसमें जनहितार्थ केंद्र व राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद के शहरी क्षेत्रों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का ऑडियो/वर्चुअल प्रदर्शन द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य/आम नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में लाभान्वित कर, उन्हें जागरूक करना है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, भैरपाल सिंह, उपनिदेशक कृषि राजीव कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह तथा अन्य अधिकारीकरण उपस्थित रहे।